राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# समाचार गेट

वर्ष :1, अंक : 94, पेज 8, मूल्य 1 रुपए बुधवार 19 जून 2024 TITLE CODE: HARHIN11569

## डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग भारत की ताकत पर फिर लगी मुहर



**नई दिल्ली:** भारत की डिफेंस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को रक्षा मंत्रालय की ओर से 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर का ऑर्डर मिला है। नया ऑर्डर मिलने के साथ ही एचएएल के शेयर में 5 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखी जा रही है और दोपहर 12 बजे यह 5,470 रुपये पर था। एचएएल द्वारा रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा गया कि कंपनी को रक्षा मंत्रालय की ओर से 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरपीएफ) मिला है। 156 में से 90 हेलीकॉप्टर भारतीय सेना और 66 हेलीकॉप्टर भारतीय वायु सेना के लिए हैं। 45,000 से 50,000 करोड़ का टेंडर बता दें, आरपीएफ एक दस्तावेज होता है जिसमें किसी भी सरकार या कंपनी द्वारा अपनी आवश्यकताओं को बताया जाता है। इसमें सामान खरीदने के प्रोसेस, टाइमलाइन, नियम और शर्तों की जानकारी होती है। माना जा रहा है कि ये टेंडर 45,000 से 50,000 करोड़ रुपये का हो सकता है। 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर खरीदने का प्रस्ताव एचएएल को दिया जाना, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बनने की सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। रक्षा मंत्री ने जताई थी प्रतिबद्धता नई सरकार बनने के बाद कार्यभार संभालते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा उद्देश्य देश की सुरक्षा को मजबूत करना है। साथ ही रक्षा जरूरतों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर का नया ऑर्डर मिलने से पहले एचएएल के पास 38,561 करोड़ रुपये की ऑर्डर बुक थी। तेजी से बढ़ रही डिफेंस इंडस्ट्री हाल ही में भारत और अमेरिका के बीच एडवांस जीई इंजन बनाने को लेकर समझौता हुआ है।

# लोकसभा में भाजपा का ही होगा स्पीकर

**नई दिल्ली:** नरेंद्र मोदी के तीसरी बार पीएम बनने के बाद संसद का सत्र 24 जून से शुरू होगा। सात दिनों तक चलने वाले इस सत्र में पहले प्रोटेम स्पीकर का चयन होगा। फिर प्रोटेम स्पीकर नवनिर्वाचित 18वीं लोकसभा के सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण पूरा होने के बाद लोकसभा के स्थायी स्पीकर का चुनाव होगा। पहले दो बार स्पीकर का पद भाजपा के कोटे में रहा है। इस बार भाजपा को बहुमत नहीं मिला है। इसलिए नए स्पीकर को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। सुमित्रा महाजन और ओम बिड़ला रहे स्पीकर नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में सुमित्रा महाजन लोकसभा की स्पीकर थीं। उनका कार्यकाल 6 जून 2014 से 17 जून 2019 तक रहा। दूसरे कार्यकाल में ओम बिड़ला को भाजपा ने स्पीकर बनाया। उनका चयन 17वीं लोकसभा के लिए 19 जून 2019 को हुआ था। दोनों बार भाजपा को अपने ही किसी सदस्य को स्पीकर बनाने में किसी से सलाह-मशविरे या मदद मांगने की जरूरत महसूस नहीं हुई। इसलिए कि दोनों बार भाजपा के पास बहुमत के आंकड़े से अधिक सांसद थे। मोदी के दो कार्यकाल में भाजपा के स्पीकर रहे पीएम मोदी के दो कार्यकाल में स्पीकर भाजपा का ही रहा। पहली बार 2014 में भाजपा के सांसदों की संख्या 282 थी तो दूसरी बार सदन में 303 सदस्य भाजपा के थे। हालांकि दोनों बार भाजपा ने एनडीए की ही सरकार बनाई थी, लेकिन बहुमत रहने के कारण स्पीकर के लिए उसे किसी की मदद की जरूरत नहीं पड़ी। तीसरी बार कौन स्पीकर होगा, इसे लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। भाजपा इस बार लोकसभा में 242 सदस्यों के साथ बड़ी पार्टी बन कर उभरी जरूर है, लेकिन बहुमत के लिए एनडीए के घटक दलों पर उसकी निर्भरता बढ़ गई है। टीडीपी के नायडू मांग सकते हैं स्पीकर का पद कोई कह रहा है कि मोदी सरकार को समर्थन दे रही टीडीपी के नेता और आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू अपना स्पीकर बनाना चाहते हैं तो कुछ को आशंका है कि सरकार को



समर्थन दे रहे जेडीयू नेता नीतीश कुमार कोई खेल कर सकते हैं। टीडीपी का कहना है कि स्पीकर का चयन सबकी सहमति से होगा। हालांकि नीतीश कुमार ने इसके लिए भाजपा के साथ रहने का फैसला किया है। टीडीपी के सर्वसम्मति वाले बयान से भाजपा की चिंता बढ़ गई है। लगातार दो दिनों से भाजपा मंथन कर रही है। सोमवार को पूर्व स्पीकर ओम बिड़ला के आवास पर गृह मंत्री अमित शाह ने उनसे चर्चा की तो राजनाथ सिंह ने भी इस बाबत पार्टी नेताओं के साथ बैठक की है। भाजपा जान चुकी है स्पीकर पद का महत्व भाजपा हर हाल में स्पीकर का पद अपने लिए रखना चाहेगी। इसके लिए पार्टी एनडीए के दूसरे घटक दलों को मना-समझा कर तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भाजपा स्पीकर पद के महत्व को बेहतर समझती है। एक बार भाजपा को स्पीकर पद के महत्व का अनुभव हो चुका है। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार अगर 13 महीने में गिर गई तो इसके पीछे तत्कालीन स्पीकर की ही भूमिका थी। इसीलिए किसी भी हाल में भाजपा यह पद अपने पास ही रखने का प्रयास करेगी। स्पीकर की वजह से गिरी थी अटल सरकार वर्ष 1998 में भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। तमिलनाडु की तत्कालीन सीएम जयललिता की पार्टी एआईएडीएमके ने वाजपेयी सरकार को समर्थन दिया था। 13 महीने बाद उन्होंने समर्थन वापस ले लिया। वाजपेयी को सदन में बहुमत साबित करने की नौबत आ गई। उन्होंने बहुमत के आंकड़े जुटा भी लिए थे। विश्वासमत के दौरान एक वोट से उनकी सरकार गिर गई। इसमें तत्कालीन स्पीकर जीएमसी बालयोगी की बड़ी भूमिका थी। जिस दिन लोकसभा में शक्ति परीक्षण होना था, उसमें एक सदस्य गिरिधर गोमांग ऐसे थे, जो कुछ समय पहले ही ओड़िशा के सीएम निर्वाचित हो चुके थे। हालांकि लोकसभा की सदस्यता से उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया था। स्पीकर बालयोगी ने उन्हें भी वोटिंग राइट दे दिया। उन्होंने वाजपेयी सरकार के खिलाफ वोट दे दिया। इस तरह वाजपेयी सरकार के पक्ष में 269 वोट पड़े तो विपक्ष में 270 वोट हो गए। वाजपेयी सरकार गिर गई। तब बालयोगी के उस फैसले की आलोचना भी खूब हुई थी, लेकिन तकनीकी आधार पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता था। इसलिए भाजपा किसी भी हाल में स्पीकर पद पर भाजपा के ही किसी व्यक्ति को बिठाना चाहती है। तनातनी की स्थिति में 'इंडिया' करेगा खेल! विपक्षी दलों के गठबंधन ह्यइंडियाह्व ने स्पीकर के चुनाव में खेल करने की योजना बना रखी है। अगर एनडीए के घटक दल अपनी जिद पर अड़ जाते हैं तो विपक्षी गठबंधन भाजपा के खिलाफ उनकी मदद करने की तैयारी में है। विपक्षी गठबंधन को आशंका है बहुमत के लिए भाजपा उनके सदस्यों को तोड़ सकती है। ऐसे में स्पीकर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इसलिए विपक्षी पार्टियों के नेता भाजपा से किसी को स्पीकर बनाने का विरोध करेंगे। हालांकि यह भय एनडीए के घटक दलों को भी होगा ही।

# 'हीटवेव' में हरी सब्जियों के पौधे सूखे, डबल दाम में मिल रही सब्जी

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर समेत सहित उत्तर भारत में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। भीषण गर्मी की मार अब फल-सब्जियों की कीमतों पर भी दिख रही है। इस कारण पिछले एक हफ्ते में कई सब्जियों के दाम डबल हो गए हैं। आजादपुर मंडी में व्यापारियों का कहना है कि गर्मी के कारण सब्जियों का उत्पादन कम हो गया है। जो उपज रहा है, वह खेतों से मंडियों में नहीं पहुंच रही हैं। बढ़ते तापमान के कारण अधिकांश खेतों में सब्जियों की फसल बर्बाद हो रही है, जिससे आवक प्रभावित हुई है। हरी सब्जियों के पौधे तक जल गए भीषण तपिश और हीट वेव में आप ही नहीं, खेतों में हरी सब्जियों के पौधे भी जल रहे हैं। दादरी के पास किराये पर जमीन लेकर हरी सब्जी उगाने वाले किसान रामकिशन मौर्या बताते हैं कि हैं कि इस मौसम में चाहे कितना भी पानी दें, लौकी-घीया के बेल जल रहे हैं। भिंडी-टमाटर का पौधा भी झुलस सा गया है। वह सवाल पूछते हैं कि ऐसे पौधों से आप कितना उत्पादन ले सकते हैं? वह बताते हैं कि सुबह-शाम बोरिंग से पानी देते हैं, तब भी पौधे नहीं बच पा रहे हैं। आखिर खुली धूप में इतनी गर्मी सहना नरम-नाजुक पौधों के बस में नहीं है। मंडी में गर्मी से सब्जी हो रही खराब एक तरफ तापमान और तेज धूप की वजह से खेतों में ही हरी सब्जियां के पौधे सूख रहे हैं। जो कुछ सब्जी मंडी तक पहुंच जाती है, वे भीषण गर्मी की वजह से खराब हो रही हैं। टमाटर, घीया, तोरई की फसल नष्ट हो गई है, जिसका असर अब बाजारों पर 50%



तक दामों में उछाल देखने को मिल रहा है। पिछले हफ्ते टमाटर के दाम 25 से 30 रुपये किलो था, वह 40 से 45 रुपये किलो पहुंच गए हैं। शिमला मिर्च100 रुपये किलो, नींबू पहले जो 80 से ड्ड100 रुपये किलो का बिक रहा था वह अब 160 रुपये किलो तक पहुंच गया है। ऐसा ही हाल फलों का भी है। सेब, आम, अनार, पपीता, तरबूज, खरबूजा, मौसमी, नारियल पानी जैसे फलों के रेट में 25 से 30 पर्सेंट तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। लोकल सब्जियों की आवक घटी दिल्ली के आजादपुर सब्जी मंडी में थोक विक्रेता तथा वेजिटेबल ट्रेडर्स असोसिएशन से अनिल मल्होत्रा ने बताया कि बारिश न होने की वजह से आजादपुर मंडी में पहुंची शिमला मिर्च 100 रुपये किलो (थोक भाव) बिकी है, 10-15 रुपये किलो के हिसाब से बिकने वाली तोरई 25 से 30 रुपये किलो, घीया जो 20 से 25 रुपये किलो था वह 50 रुपये किलो है अब। अदरक 150 से 160 रुपये, एक अन्य व्यापारी घनश्याम ने बताया कि इन दोनों लोकल सब्जियां नहीं आ रही हैं। इसकी वजह से भी सब्जियां में तेजी देखी जा रही है। टमाटर भी हो गया महंगा इस समय आजादपुर मंडी में हिमाचल प्रदेश से आने वाले टमाटर का 25 किलो का क्रेट 800 से 1000 रुपये में बिक रहा है। यहां कर्नाटक से भी टमाटर आता है, लेकिन वहीं इस समय टमाटर महंगा है। व्यापारी बताते हैं कि अभी कर्नाटक का हाल यह है कि वहां खेत से ही 40 रुपये के भाव पर टमाटर उठ रहा है। शिमला मिर्च का होलसेल प्राइस हफ्ताभर पहले 50-60 रुपये किलो था, अब 100-110 रुपये किलो है। अदरक 150-170 रुपये किलो चल रहा है। आलू-प्याज भी इसी राह जब हरी सब्जी महंगी हो तो लोग आलू पर शिफ्ट कर जाते हैं। लेकिन इस समय आलू भी महंगा हो गया है। एक पखवाड़ पहले जो आलू 15 से 20 रुपये किलो मिल जा रहा था, वह 25 से 30 रुपये किलो हो गया है। नैनीताल या पहाड़ी आलू का भाव तो 40 रुपये किलो या इससे ऊपर है। दरअसल, दिल्ली एनसीआर में आलू मुख्य रूप से यूपी और बंगाल से आता है। जाड़ों में मौसम खराब होने से उपज कम रह गई थी। जो आलू कोल्ड स्टोर से बाहर आ गया है, वह खराब भी हो रहा है। प्याज का भाव भी इस दिनों चढ़ा हुआ है। बताया जाता है कि नासिक की थोक मंडी में ही प्याज 30 रुपये किलो हो गया है। दिल्ली आते-आते यही प्याज 40 रुपये किलो का हो जाता है। खुदरा में तो यह और महंगा बिकता है।

# पाकिस्तान टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई

**नई दिल्ली:** टी20 विश्व कप 2024 का रोमांच अब अपने आखिरी पड़ाव पर है। टीम इंडिया ग्रुप ए में शीर्ष पर रही और इस तरह अगले चरण में आसानी से आगे बढ़ गई। अगले चरण में जगह बनाने वाली बाकी टीमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, अफगानिस्तान, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और सरप्राइज पैकेज यूएसए है। सुपर-8 की टीमों का नाम सामने आने के बाद टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमों का नाम भी सामने आ गया है। टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई करने वाली 12 टीमें कौन हैं? 2024 की तरह टी20 विश्व कप 2026 में भी 20 टीमें होंगी, जिसमें से 12 टीमें क्वालीफाई कर चुकी है। लिस्ट में सुपर-8 से बाहर होने वाली पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड टीमों का नाम भी है। दूसरी ओर, भारत को-होस्ट है तो अपने आप ही क्वालीफाई कर चुका था। मेजबान होने के नाते भारत और श्रीलंका ने क्वालीफाई कर चुकी थी। पाकिस्तान सुपर-8 से बाहर तो कैसे किया क्वालीफाई आईसीसी रैंकिंग को आधार मानते हुए न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और आयरलैंड ने भी रास्ता बनाया है। इस प्रकार ICC टी20 विश्व कप 2026 के लिए 12 टीमों की पुष्टि हो गई है। टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई




करने वाली टीमें होस्ट हैं इसलिए क्वालीफाई भारत,श्रीलंका, सुपर-8 में पहुंचे इसलिए क्वालीफाई ऑस्ट्रेलिया,अफगानिस्तान,बांग्लादेश,इंग्लैंड,साउथ अफ्रीका,यूएसए, वेस्टइंडीज आईसीसी रैंकिंग की वजह से क्वालीफाई आयरलैंड,न्यूजीलैंड,पाकिस्तान उल्लेखनीय है कि बाकी की 8 टीमें रिजनल क्वालीफायर्स से सामने आएंगी। इस बार होस्ट अमेरिका के अलावा युगांडा, पपुआ न्यू गिनी, आयरलैंड, नीदरलैंड्स, ओमान, नेपाल और स्कॉटलैंड जैसी छोटी टीमों को मौका मिला था।

# पालम विहार रोड 15 दिन रहेगी बंद

**गुरुग्राम:** पालम विहार रोड को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। दो दिन पहले यहां पर सीवर लाइन का काम शुरू हुआ है। सेक्टर पांच चौक और कृष्णा चौक की ओर से बैरिकेड लगाकर यह रोड बंद की गई है। हालांकि लाइट वीकल और छोटे वाहनों के लिए साइड से रास्ता दिया गया है। यहां पर अगले पंद्रह दिन यह रोड बंद रहेगी। सोमवार को पहला वर्किंग डे होने के कारण यहां पर हेवी ट्रैफिक रहा। कृष्णा चौक के अलावा सेक्टर पांच की ओर वाहन चालक आए, लेकिन रोड बंद होने के कारण वापस जाना पड़ा। शुक्रवार को ही नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस प्रशासन की ओर से यहां पर रोड बंद कर दी गई थी। शनिवार को यहां पर काम शुरू हो गया। यहां पर अशोक विहार की ओर से गंदे नाले का पानी स्ट्रॉम वॉटर ड्रेन में आता है। यह पानी नजफगढ़ ड्रेन में जाकर यहां से दिल्ली में यमुना में पहुंचता है और पानी को दूषित करता है। इसी के चलते एनजीटी के आदेश पर यहां पर 100 मीटर एरिया में सीवर लाइन डालकर उसे जीएमडीए की मास्टर सीवर लाइन से कनेक्ट किया जाएगा। शनिवार को यहां पर बैरिकेड लगाए गए। इसके बाद रविवार को यूपीएससी का एग्जाम होने के कारण हटा लिए गए, लेकिन सोमवार सुबह फिर से लगा दिए गए। सीमेंट के बेरिकेट लगाकर यहां पर रोड को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। हालांकि बाइक और छोटे वाहन के लिए रास्ता है। सेक्टर पांच और कृष्णा चौक की ओर से सुबह लोगों को रोड बंद होने की जानकारी न होने के कारण दिक्कत हुई। गुजरते हैं 30 हजार वाहन




पालम विहार निवासी भीम सिंह यादव ने बताया कि वह कार से ओल्ड सिटी के लिए निकले थे, लेकिन कृष्णा चौक पर रोड बंद था। धर्म कॉलोनी निवासी एडवोकेट अंजू रावत ने बताया कि रोड बंद होने के कारण वह पालम विहार से ओल्ड दिल्ली रोड पर आईं। एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र कौर ने बताया कि नगर निगम के सीवर के काम के चलते इस रोड को बंद किया गया है। लोगों की सुविधा के लिए कुछ जगह पर साइन बोर्ड लगाए गए हैं। एक अनुमान के मुताबिक यहां से रोजाना 30 हजार से अधिक वाहनों की आवाजाही होती है। इन रास्तों को अपनाएं अगर आप शीतला माता रोड, सेक्टर 5 और ओल्ड रेलवे रोड की ओर से आ रहे हैं तो सेक्टर 5 चौक की ओर न आएं। इसके लिए आप रेलवे रोड पर आगे जाकर दौलताबाद फ्लाईओवर से जाकर द्वारका एक्सप्रेसवे का रास्ता लें। यहां से बजघेड़ा की ओर से पालम विहार की ओर जाएं। इसी प्रकार अगर आप पालम विहार से शीतला माता रोड की ओर आ रहे हैं तो आप पालम विहार से ओल्ड दिल्ली रोड के रास्ते अतुल कटारिया चौक से आ सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस की तैयारी अधूरी ट्रैफिक पुलिस ने भले ही यहां पर रोड को बंद करने की परमिशन दे दी हो, लेकिन तैयारी अधूरी है। कहीं पर भी साइन बोर्ड या रोड बंद होने की जानकारी के बोर्ड नहीं लगे हैं। लोगों की सुविधा के लिए सेक्टर 5 से पहले रेलवे रोड, शीतला माता मंदिर के निकट, कृष्णा चौक से पहले, पालम विहार की ओर, रेजागंला चौक आदि जगहों पर साइन बोर्ड लगाने के अलावा सोशल मीडिया में यह जानकारी दी जा सकती है। इन एरिया के लोगों को होगी परेशानी अभी भले ही ट्रैफिक पुलिस ने इस रोड को दोनों ओर से बंद करने की परमिशन दे दी हो, लेकिन इससे दर्जन भर एरिया के लोगों को परेशानी होगी। अशोक विहार फेज वन, टू, थ्री, सेक्टर 21, 22, 23, पालम विहार, बजघेड़ा आदि एरिया के लोगों को परेशानी होगी। इनको सेक्टर और कॉलोनियों के अंदर के रास्तों से होकर वैकल्पिक रास्तों से जाना होगा।

# नीट में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ; राहुल गांधी

**नई दिल्ली:** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सवाल उठाए हैं। मंगलवार को राहुल गांधी ने कहा कि बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं। पीएम की चुप्पी नीट में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। हमने अपने न्यायपत्र में पेपर लीक के विरुद्ध सख्त कानून बनाकर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की गारंटी दी थी। अब विपक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए देशभर के युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मजबूती से उठाएंगे। सरकार पर दबाव उन्होंने कहा कि हम सरकार पर दबाव डालकर कठोर नीतियों के निर्माण के



लिए प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेस ने नीट को लेकर स्वतंत्र फॉरेंसिक जांच की मांग की है। कांग्रेस ने उदाहरण देते हुए कहा कि इस वर्ष नीट में 600 अंक पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या 80,468 है। जबकि, सरकारी मेडिकल कॉलेजों में केवल 55,000 सीटें हैं, ऐसे में ये छात्र सरकारी कॉलेजों में कैसे दाखिला पा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग कांग्रेस का कहना है कि मोदी सरकार और शिक्षा मंत्री को नीट घोटाले में सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में स्वतंत्र फॉरेंसिक जांच का आदेश देना चाहिए। पीएम मोदी भी इस विषय पर अपना वक्तव्य दें। कांग्रेस ने कहा है कि कई छात्र ऐसे थे, जिन्हें 12वीं पास करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। लेकिन, नीट में वही छात्र बेहतरीन अंक लाए हैं।

इसी के चलते 12वीं बोर्ड के अंकों को नीट के अंकों के साथ सह-संबंधित किया जाना चाहिए। अगर डेटा बताता है कि हजारों लोगों ने बोर्ड परीक्षा में कम अंक प्राप्त किए हैं और नीट में बहुत अधिक अंक प्राप्त किए हैं, तो पेपर लीक के आरोप सही हैं

# 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले बच्चों ने किया योग अभ्यास

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** योग दिवस 21 जून की तैयारियों के लिए योगाचार्य से लेकर योग प्रशिक्षुओं द्वारा जगह-जगह योग के बारे में जागरुकता शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जिसके तहत पतंजलि युनिवर्सिटी हरिद्वार से बी.ए. फाइनल में अध्ययन कर रही आइना यादव ने अपने गृह क्षेत्र फरीदाबाद स्थित मलेरना गांव में बच्चों को योग के अभ्यास कराए तथा योग के महत्व के बारे में जानकारी दी। आइना यादव के अनुसार आज की तेजी से भागती दुनिया में, जहां ध्यान भंग होता है और ध्यान कम हो रहा है, बच्चों में एकाग्रता को बढ़ावा देना एक महत्वपूर्ण प्रयास बन गया है। कुछ विशेष अभ्यास और आसन हैं, जैसे सूर्य नमस्कार और बकासन,





बाल बकासन, आदि जो बच्चों को बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकते हैं। ये यौगिक अभ्यास उनके ऊर्जा क्षेत्रों को समायोजित करते हैं और उनकी आंतरिक प्रणालियों पर काम करते हैं। बच्चों को संतुलन और समन्वय के बारे में शिक्षित करके योग निपुणता को बढ़ावा देता है। जब वे विशेष आसन करने का प्रयास करते हैं, तो वे मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से संयमित होते हैं। ऐसा करने से वे ध्यान प्राप्त करते हैं, जो उन्हें सफलता की भावना देता है। योग कैसे बच्चों में फोकस बढ़ाता है, इस बारे में बात करते हुए आइना यादव ने बताया कि जो बच्चे योग करते हैं उनमें आत्म-मूल्य और आत्मविश्वास अधिक होता है। योग लक्ष्य-निर्धारण और निरंतरता को बढ़ावा देता है। वे लगातार अभ्यास के माध्यम से अनुशासन विकसित करते हैं, और जैसे ही वे आसन पूरा करते हैं, यह मजबूत होता है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल आज

## जिला व खंड स्तर पर 21 जून को मनाया जाएगा दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** सरकार के निदेशांनुसार शुक्रवार 21 जून को रेवाड़ी जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिला के सभी खंडों में आयोजित होने वाले योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर एसडीएम बावल मनोज कुमार व एसडीएम कोसली उदय सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम ने बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को 21 जून को योग दिवस की तैयारियों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शारीरिक व मानसिक विकास में योग की अहम भूमिका है। ऐसे में योग को दैनिक रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुए स्वास्थ्य सुधार में हम आगे बढ़ सकते हैं। योग रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक है।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम रेवाड़ी जिला मुख्यालय सहित जिला के सभी खंडों में प्रभावी ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने आमजन को योग दिवस मे अधिक से अधिक भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत तंत्र विकसित हो। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर योग दिवस की रिहर्सल बुधवार 19 जून को राव तुलाराम स्टेडियम में सुबह 5:30 बजे से आयोजित होगी।

# महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किया राज्य सरकार ने : सोनिया अग्रवाल

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने रेवाड़ी में सुनी शिकायतें

**रेवाड़ी।** हरियाणा प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार ठोस कदम उठा रही है। कोई भी महिला स्वयं को किसी प्रकार की परेशानी में घिरा पाती है तो वह राज्य महिला आयोग को महिला आयोग एट द रेट जीमेल.कॉम पर ईमेल से अपनी शिकायत भेज सकती है।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने आज स्थानीय महिला थाना में शिकायतें सुनते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर एक जिला में सरकार द्वारा महिलाओं की फरियाद सुनने के लिए महिला थाना स्थापित कर दिया गया है। किसी भी समस्या या उत्पीड़न का शिकार हो रही महिला टोल फ्री नंबर 112 व



1091 पर कॉल कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को खुद तो पढ़ना ही चाहिए, अपनी बेटियों को भी उच्च शिक्षा दिलवानी चाहिए। शिक्षा प्राप्त करने से ही एक इंसान अपने अधिकारों और अपने दायित्व के प्रति जागरूक बनता है। उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने कहा कि आयोग द्वारा हर एक जिला में पीड़ित महिलाओं की शिकायतों पर सुनवाई की जा रही है। आयोग का प्रयास रहता है कि प्रत्येक मामले में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए। यदि कोई महिला झूठी शिकायत करती है तो उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जाती है।

इस मौके पर डीएसपी आशीष चौधरी व थाना प्रभारी सरिता उपस्थित रहीं।महिला थाना में मामलों की सुनवाई करने के बाद उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने स्थानीय जेल परिसर का दौरा किया। यहां जेल अधीक्षक संजय बांगड़ ने उनको बताया कि जेल में अभी निर्माण कार्य चल रहा है। इसलिए महिला बंदियों को भोंडसी जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। जेल परिसर में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने बंदियों से बातचीत की और उनको अपराध का रास्ता छोड़ कर एक सभ्य नागरिक की तरह जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जेल उपाधीक्षक राकेश लोहचब भी मौजूद रहे।

# भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा ने दिया किसानों के धरने को समर्थन आजाद सिंह मिरान



**सोनिका सूरा**

दिनांक 18/06/2024 को गांव बिंधवान में चल रहें धरने के समर्थन में भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा आईसीटीयू के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड आजाद सिंह मिरान ने बोलते हुए बताया कि जब से देश प्रदेश में बीजेपी सरकार आई हैं तब से प्रदेश के किसान, मजदूर, महिला, नौजवान, कर्मचारी सभी वर्ग परेशान हैं और ये सब हमनें बिधवान गांव में भी देख लिया यहां भी बीजेपी सरकार व बिजली विभाग कि तानाशाही के खिलाफ किसान धरने पर बैठे मजबूर हुए। सरकार को किसानों कि जो जमीन बिजली के टावर लगाने में जा रही है उसका उचित मुआवजा देकर बिजली के टावर लगाए लेकिन सरकार व बिजली विभाग धक्काशाही करके टावर लगाना चहाते है जो किसान कभी नहीं लगाने देंगे। उन्होंने सरकार से समय रहते किसानों की इस समस्या का समाधान करने को कहां अगर सरकार समस्या का समाधान नहीं करेगी तो। किसान मजदूर बीजेपी सरकार के खिलाफ आंदोलन को और तेज करेंगे जिसका नुकसान सरकार को उठाना पड़ेगा इस मौके पर धरने पर उपस्थित मजदूर यूनियन के जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार बड़वा, किसान बलवान सूरा,महाबीर फौजी,रघबीर पूनियां, शत्रुघ्न सूरा,महाबीर जागलान,धनसिंह सूरा,दरिया सिंह ,महाबीर कुल्हड़िया, समुंदर सूरा,बलवान बेनीवाल, राजबीर सिंह बेनीवाल, कमेटी प्रधान अशोक बेनीवाल, नवीन सूरा,सोमबीर जागलान,विकास सूरा,सन्दीप सहारण, सोमबीर सहारण,प्रदीप सोनी,सुरेश ,विक्रम,सचिन,सन्दीप, अमित,विश्वजीत,नितिन,नरेश,रामपाल,कर्मबीर,यशपाल, नवीन,सूरा,रामनिवास खीचड़,विक्की,धर्मेन्द्र, दिलबाग,राजेश, कालिया,नवीन,अनिल पूनियां, सुरेंद्र सूरा,प्रदीप,जयबीर , राजपाल,मुकेश दुहन,मुकेश,धोलिया,प्रवीण, पंकज,रोहित, रविन्द्र,सोमबीर,चाँदबिर, राजेन्द्र पूनियां, दिनेश,फकीरचन्द,उमिर सिंह,जयकुमार, सहित सैकड़ों युवा साथी मौजूद रहे

# कोटिया में दूध डेरी संचालक व कर्मी से मारपीट कर घायल किया

## पुलिस ने छह आरोपियों के विरूध किया केस दर्ज

**कनीना सुनील दीक्षित**

दूध डेरी संचालक से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने कोटिया के व्यक्ति की शिकायत पर 6 व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में कोटिया वासी सोमदत्त ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दस दिन पूर्व रात्री 9 बजे वह कनीना-कोसली रोड पर बनाई गई अपनी दूध डेरी पर मौजूद था तब वहां पर एक काले रंग की कार आई जिसमें 6 व्यक्ति सवार थे जिन्होंने डंडे आदि हाथों में ले रखे थे। डेरी के अंदर घुसे ओर उनसे पूछा कि संदीप उर्फ कूका कहां है? जिस पर उन्होंने कहा कि वह डेढ घंटे पहले यहां से जा चुका है। उसके बाद आरोपियों ने आवेश में आकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गया। डेरी पर कार्यरत कर्मियों मनोज व नत्थू ने उन्हें छुडवाया। बीच-बचाव करते समय मनोज को भी चौटें आई। आरोपी जाते समय उसके काउंटर से 70 हजार रुपए भी निकाल ले गए। घटना की जानकारी 112 नम्बर डायल कर पुलिस को दी गई। पुलिस ने एंबूलेंस की मदद से घायलों को उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने सोमदत को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल नारनौल तथा मनोज को पीजीआईएमएस रोहतक के लिए रैफर कर दिया। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी बताई गई है। पुलिस ने मारपीट के आरोपी राजीव उर्फ कालू, मोहन शर्मा,राजकुमार,अमित उर्फ बच्चन वासीयान बव्वा जिला रेवाडी तथा मुस्कान व दीपांशु वासीगण नामालुम के विरूध के दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 45 डिग्री तापमान में छबील का शरबत बना यात्रियों का सहारा

## गुढा के सत्यनारयण मंदिर,श्रीराम मंदिर सहित दादा छाजुवीर आश्रम में की जलसेवा

**कनीना सुनील दीक्षित**

मंगलवार को निर्जला एकादशी पर्व पर सत्यनारायण मंदिर गुढा, श्रीराम मंदिर, दादा छाजुवीर आश्रम मंदिर प्रांगण सहित क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर छबील आयोजित कर जलसेवा की गई। ग्रामीणों ने सुबह ही यात्रियों को ठंडा-मीठा जल पिलाना शुरू किया था। उसके बाद ये सिलसिला दोपहर तक अनवरत जारी रहा। 45 डिग्री सेल्सियस तापमान में ग्रामीणों ने राहगीरों तथा यात्रियों को शरबत पिलाकर उनका गला तर किया। जिससे माना गया कि शरबत यात्रियों का सहारा



बना। जलसेवा को पुण्य का कार्य माना गया है जिसके चलते सामाजिक संगठनों,मंदिर कमेटियों तथा समाजसेवी लोगों की ओर से जगह-जगह छबीलें लगाई गई। इस मौके पर मंदिर के जोशी शुभकरण शर्मा,सुभाष चंद,रामौतार शर्मा, रविमोहन मित्तल,प्रिती, रजत रमन, मयंक, कशिश के अलावा युवाओं का सहयोग रहा।

# हरियाणा राजपूत समाज ने राज्यसभा में प्रतिनिधित्व बारे एक बार फिर भरी हुंकार



रजि० नं० HR-0103-2013-00324

हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा

Website : https://www.haryanarajputpartinidhisabha.com, E-mail : hrps.rajputsabha@gmail.com

मुख्य संरक्षक : कंवर आर.पी. सिंह आई.ए.एस (से.नि.) | संरक्षक : लेफ्टी जनरल (से.नि.) भूपेन्द्र सिंह PVSM, AVSM पूर्व उपराज्यपाल | संरक्षक : एस.पी.एस चौहान वरिष्ठ एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट | संरक्षक : रतिराम चौहान उद्योगपति-समाजसेवी | संरक्षक : हुक्म सिंह राणा आई.ए.एस (से.नि.)

अध्यक्ष : राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत एडवोकेट 9416064877

वरिष्ठ उपाध्यक्ष : ओमबीर सिंह तवंर 9416057505

उपाध्यक्ष : विक्रम सिंह चौहान 9216101139

प्रधान महासचिव : हैडमास्टर रायसिंह परमार 9416466043

महासचिव : तिलक राज चौहान 9871115758

कोषाध्यक्ष : कवंरपाल सिंह परमार 9813560394

प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी : यशपाल राणा 9416000240 9812800240

क्रमांक HRPS-RS-1 दिनांक 18 जून 2024

प्रतिष्ठा में

1. श्री जेपी नड्डा जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, नई दिल्ली।
2. श्री राज नाथ सिंह, रक्षा मंत्री, भारत सरकार , नई दिल्ली।
3. श्री अमित शाह, गृह मंत्री,भारत सरकार नई दिल्ली।
4. श्री नायब सिंह मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार एवं अध्यक्ष हरियाणा भाजपा, चंडीगढ़।
5. श्री मनोहर लाल खट्टर, ऊर्जा एवं शहरी आवास मंत्री भारत सरकार , नई दिल्ली।
6. श्री धर्मेंद्र प्रधान, कैबिनेट मंत्री, भारत सरकार , नई दिल्ली, प्रभारी हरियाणा।
7. श्री बिपल्व देब सांसद ,पूर्व मुख्यमंत्री , सह प्रभारी हरियाणा

विषय : हरियाणा राजपूत समाज का राज्यसभा में प्रतिनिधित्व ।

मान्यवर नड्डा जी जय श्री राम,

1966 में हरियाणा के गठन से आज तक राज्यसभा के लिए हरियाणा राजपूत समाज को जनसंघ अथवा भाजपा द्वारा कोई प्रतिनिधित्व नहीं प्राप्त हुआ है । प्रदेश की लगभग 8% आबादी वाले राजपूत समाज के विधायक 18 अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से विभिन्न कार्यकाल में निर्वाचित होते आए हैं । सर्वमान्य तथ्य है कि राजपूत समाज का झुकाव प्रारंभ से ही सनातन संस्कृति और राष्ट्र प्रेम की मानसिकता के चलते जनसंघ/ भारतीय जनता पार्टी की तरफ रहा है । हरियाणा के पहले ही चुनाव में जब जनसंघ के ग्रामीण पृष्ठभूमि के इक्का दुक्का विधायक ही आते थे उनमें 1967 में कलानौर विधानसभा क्षेत्र से जनसंघ की टिकट पर निर्वाचित हुए ठाकुर नसीब सिंह अग्रणी थे । 1968 के चुनाव में घरौंडा से ठाकुर रणधीर सिंह राणा जनसंघ की टिकट पर निर्वाचित हुए थे । आज भी हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस, जे जे पी,इनेलो का कोई विधायक राजपूत नहीं है । भाजपा समर्थित एक निर्दलीय और एक भाजपा का राजपूत विधायक निर्वाचित हुआ है ।

क्रमशः पृ.-2

कार्यालय : ओम भवन, कम्पनी बाग, रेवाड़ी-123401 (हरियाणा)

**निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं को ज्ञापन प्रेषित कर समाज को राज्यसभा में प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग की है । सभा के अध्यक्ष राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने प्रेस को जारी ज्ञापन में बताया कि 1966 में हरियाणा के गठन से आज तक राज्यसभा के लिए हरियाणा राजपूत समाज को जनसंघ अथवा भाजपा द्वारा कोई प्रतिनिधित्व नहीं प्राप्त हुआ है। प्रदेश की लगभग 8 प्रतिशत आबादी वाले राजपूत समाज के विधायक 18 अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से विभिन्न कार्यकाल में निर्वाचित होते आए हैं । सर्वमान्य तथ्य है कि राजपूत समाज का झुकाव प्रारंभ से ही सनातन संस्कृति और राष्ट्र प्रेम की मानसिकता के चलते जनसंघ, भारतीय जनता पार्टी की तरफ रहा है । हरियाणा के पहले ही चुनाव में जब जनसंघ के ग्रामीण पृष्ठभूमि के इक्का दुक्का विधायक ही आते थे उनमें 1967 में कलानौर विधानसभा क्षेत्र से जनसंघ की टिकट पर निर्वाचित हुए ठाकुर नसीब सिंह अग्रणी थे। 1968 के चुनाव में घरौंडा से ठाकुर रणधीर सिंह राणा जनसंघ की टिकट पर निर्वाचित हुए थे। आज भी हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस, जे जे पी, इनेलो का कोई विधायक राजपूत नहीं है। भाजपा समर्थित एक निर्दलीय और एक भाजपा का राजपूत विधायक निर्वाचित हुआ है ।

श्री चौहान ने हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव परिणाम का हवाला देते हुए स्पस्ट किया कि देश प्रदेश में पार्टी के मूल कार्यकर्ता और राजपूत समाज की अनदेखी बहुत भारी पड़ी है । जून 2024 में हरियाणा की एक राज्य सभा सीट खाली हो रही है जिसके लिए हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा ने पार्टी नेतृत्व से पुरजोर आग्रह किया है कि हरियाणा राजपूत समाज के एक उपयुक्त व्यक्ति को राज्यसभा भेजने का पार्टी हित में कार्य करें । राज्यसभा सदस्य दीपेन्द्र हुड्डा के लोकसभा सदस्य चुने जाने से खाली हो रही राज्यसभा सीट पर सभा जिन 5 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है उनमें हरियाणा राजपूत समाज के कुरुक्षेत्र क्षेत्र से पद्मश्री प्रो रघुवेंद्र तंवर व ठाकुर वीरकर्ण सिंह राजोंद, फरीदाबाद क्षेत्र से श्रीमती नीरा तोमर व हुकुम सिंह भाटी , गुड़गाँव क्षेत्र से प्रो दशरथ चौहान, भिवानी-महेंद्रगढ़ क्षेत्र से विजय सिंह शेखावत व ठाकुर विक्रम सिंह तंवर, करनाल क्षेत्र से ऋषि पाल शास्त्री,योगेन्द्र राणा, प्रो वीरेंद्र चौहान जैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ , भारतीय किसान संघ, स्वामी विवेकानंद मंच से जुड़े, आपातकाल में जेल यातना सहने वाले, पार्टी के संस्थापक सदस्यों, पदाधिकारीयों के नामों पर उनकी योग्यता व उपयोगीता के कारण विचार किया जाए अथवा पार्टी की नजर में इनसे बेहतर हरियाणा राजपूत समाज के किसी अन्य योग्य पात्र का नाम हो तो उसे यह अवसर दिया जाना प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक परिपेक्ष्य में न्यायोचित और पार्टी हित में है। आवश्यकता पड़ने पर समाज का एक विशाल प्रतिनिधि मंडल पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं से मुलाकात भी करेगा।

# समाधान शिविर में जन समस्याओं का किया जा रहा है समाधान

## एडीसी अनुपमा अंजलि ने समाधान शिविर में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार ने जनता की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर के रूप में नई पहल की है। सरकार के निदेशांनुसार जिला प्रशासन की ओर से जिला में समाधान शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। डीसी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में एडीसी अनुपमा अंजलि ने मंगलवार को लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक संबंधित अधिकारियों के साथ




समाधान शिविर लगाकर आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए। एडीसी अनुपमा अंजलि ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्या लेकर आने वाले नागरिकों की समस्याओं का तत्परता से समाधान करते हुए शिकायतकताओं को राहत पहुचाएं। समाधान शिविर में आम नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, बिजली, पानी तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि समस्याएं सुनी गई।

# 27 जून को बनाई जाएगी संत कबीर जयंती

**सोनिका सूरा**

नगरपालिका के निवर्तवान चेयरमैन सुरेश खटक ने बताया सिवानी में 27 जून को कबीर धर्मशाला में संत कबीर कि जयंती मनाई जाएगी इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक व मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। सुरेश खटक ने कहा की संत कबीर एक प्रसिद्ध कवि, संत और समाज सुधारक थे। पारंपरिक हिंदू कैलेंडर के अनुसार , यह दिन ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा के दिन पड़ता है। सिवानी के सामाजिक संगठन और गणमान्य नागरिक प्रति वर्ष संत कबीर की जयंती बड़े हर्ष उल्लास से मनाते हैं।

# पर्यावरण के प्रति जन जन को जागरूक होना होगा रीजनल मैनेजर पुष्पा यादव

**सोनिका सूरा**



पर्यावरण के प्रति हर व्यक्ति को गंभीर होना होगा और पृथ्वी पर अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा यह बात हरियाणा ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर पुष्पा यादव ने वीटा प्लांट के प्रांगण में पौधारोपण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि पृथ्वी पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण होना चाहिए आधुनिकता की दौड़ने पृथ्वी पर वृक्षों की संख्या घटा दी है जिसका संतुलन बनाए रखने के लिए पृथ्वी पर लाखों की संख्या में वृक्षारोपण करना होगा यादव ने कहा कि हर व्यक्ति का पृथ्वी पर एक नैतिक करते हुए बनता है कि हर शुभ अवसर पर समय-समय पर पौधारोपण करे। इस दौरान प्लांट इंचार्ज सुभाष शर्मा ने कहा कि वृक्ष लगाना ही इतना महत्वपूर्ण है उससे अधिक महत्वपूर्ण उसकी देखभाल करना भी है पर्यावरण संतुलन तीन प्रतिदिन बिगड़ता जा रहा है ! जिससे आने वाले समय में मनुष्य को गंभीर समस्या होगी। पर्यावरण प्रहरी एवं राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक प्रधान संजय बुशान ने कहा कि पृथ्वी पर आए दिन हर साल टेंपरेचर बढ़ता जा रहा है और अगर इसी तरह बढ़ता रहा तो वह दिन दूर नहीं कि पृथ्वी पर जीवन दुर्लभ हो जाएगा इसके चलते वृक्ष वृक्षारोपन के प्रति आमजन को गंभीर होना होगा। बुशान ने कहा कि देश मे बढ़ते ट्रांसपोर्ट सुविधा के चलते अनेकों हाईवे रोड का निर्माण हुआ इनमें वृक्षो की कटाई अत्यधिक मात्रा में हुई है जिसके चलते पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए अत्यधिक संख्या में पेड़ों का लगाना आवश्यक है और यह तभी संभव हो पाएगा जब आमजन इसके प्रति जागरूक हो जाएगा इस अवसर पर सीनियर मैनेजर पवन कुमार अग्रवाल, सीनियर मैनेजर संदीप धवन,संदीप पोटलिया, मुकेश कुमार बागनवाला, मैनेजर परफॉर्मेंस कमल सिंह साजरवास ,सुपरवाइजर विजय नंदगांव, सुपरवाइजर सुमित कुमार हिसार ,मुकेश कुमार सोनी कंप्यूटर ऑपरेटर,

# 26 जून तक चलेगा नशा मुक्ति अभियान : एसपी

## मंगलवार को 1100 लोगों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एसपी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए जिला पुलिस द्वारा 12 जून से 26 जून 2024 तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अंतर्गत नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है।

नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत करवाना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है। उक्त जानकारी देते हुए डीएसपी हैडक्वाटर श्री पवन



कुमार ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा।

उन्होंने कहा की नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है तथा जिला के अनेक युवा खेलों की ओर आकर्षित हो रहे है। पुलिस का उद्देश्य नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का है। जिला पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा आज मंगलवार को रेवेंट कम्पनी मालपुरा, बावल औद्योगिक क्षेत्र, कसौला चौक, गांव मीरपुर, मंगलेश्वर माजरी व जाटूसाना में युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीमों द्वारा नशा न करने बारे जागरूक किया तथा नशा ना करने की शपथ भी दिलवाई गई। आज पुलिस की सभी टीमों द्वारा करीब 1100 लोगों को जागरूक किया गया।

# दामाद ने अपने साथी के साथ मिलकर की थी सास की हत्या

**निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने एग्रीकल्चर कॉलेज बावल के पास एक महिला की हत्या करके शव को डालने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला चरखी दादरी के गांव खोरडा निवासी संदीप व आशिष के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि 13 जून को गांव खुर्मपुर निवासी सन्नी ने गांव खुर्मपुर निवासी एक महिला ललिता पत्नी विनोद कुमार की गुमशुदगी का मामला थाना बावल में दर्ज करवाया था। इसके बाद 13 जून की शाम को महिला का शव बावल एग्रीकल्चर कॉलेज के पास सड़क किनारे गड्डों में मिला था। जो शव के गले में चुन्नी बंधी हुई थी। जो मृतक महिला की बेटी सपना ने शव की शिनाख्त कर पुलिस को बताया था कि उसकी माँ ललिता के पास रेवाड़ी के एक ऑफिस से फोन आया था की आपकी बेटी के कन्यादान के पैसों का चैक आया हुआ है जिसे लेने के लिए वह 12 जून को रेवाड़ी गई थी। जो किसी नाम पता ना मालूम व्यक्ति ने उसकी माँ की गला दबाकर हत्या कर दी है। जिस पर बावल थाना पुलिस ने इस मामले



में हत्या की धारा ईजाद कर जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने सोमवार को मामले में दो आरोपी जिला चरखी दादरी के गांव खोरडा निवासी संदीप व आशिष को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी संदीप ने बताया की उसकी शादी वर्ष 2023 में मृतका की बेटी सपना से हुई थी। शादी के एक माह के बाद से ही वह अपने ससुराल में रह रहा था तथा कुछ दिनों से उसका अपनी सास व पत्नी से झगड़ा चल रहा था। दिनांक 8 जून को जब उसने अपनी सास से अपनी पत्नी को अपने गांव ले जाने के बारे कहा तो उसकी सास ने झगड़ा करके उसकी पत्नी को भेजने से मना कर दिया। जिसके बाद 12 जून को वह अपने साथी आशीष के साथ बाइक पर बावल आया तथा धोखे से उसने अपनी सास को फोन करके रेवाड़ी आने के लिए बुलवाया। उसने अपने साथी आशीष को बावल एग्रीकल्चर कॉलेज के पास छोड़ दिया तथा अपनी सास को लेने के लिए बनीपुर चौक पर पंहुचा गया। उसकी सास ओटो में बेठी हुई थी। उसने बहला फुसला कर घर झोडने के बहाने से अपनी सास को बाइक बैठा लिया और बावल एग्रीकल्चर कॉलेज के पास ले गया। जहा सड़क के किनारे गड्डों में उसने अपने साथी आशीष के साथ मिलकर अपनी सास की गला दबा कर हत्या कर दी तथा शव को वही छोड़ कर फरार हो गए

## पानी की समस्या को लेकर सैनिक कॉलोनी व एसजीएम नगर के सैंकड़ों लोगों ने किया एफएमडीए का घेराव एवं ज्ञापन दिया




**फरीदाबाद।** सैनिक कॉलोनी, एसजीएम नगर एवं शिवदुर्गा विहार, दयालबाग के सैंकड़ों लोगों ने मंगलवार को कांग्रेस नेता विजय प्रताप के नेतृत्व में फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के सैक्टर-12 स्थित कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में इतना आक्रोश था कि एफएमडीए अधिकारियों द्वारा कोई उचित आश्वासन न दिए जाने और किसी उच्च अधिकारी के मौजूद न होने के चलते लोग कार्यालय के अंदर ही डेरा डालकर बैठ गए। कांग्रेस नेता विजय प्रताप ने कहा कि बड़े शर्म और अफसोस की बात है कि एफएमडीए जैसी एजेंसी रैनीवेल योजना जो की कांग्रेस के समय में लगभग 450 करोड़ रुपये लगाकर पूरी की गई थी लेकिन उसके बावजूद ये लोग शहर में पानी सप्लाई की व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे है और जनता की समस्याएं सुनने कोई भी जन प्रतिनिधि तैयार है, उन्होंने कहा कि सैनिक कॉलोनी, एसजीएम नगर एवं दयालबाग में रोजाना लगभग 90 लाख लीटर पानी की जरूरत है, लेकिन एफएमडीए द्वारा केवल 20 लाख क्यूसिक पानी दिया जा रहा है। ऐसे में बिना पानी के लोगों का जीना मुहाल है। अंतिम छोर वाले मकानों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता है, कई बार तो बीच वाले मकानों तक भी पानी नहीं पहुंचता है। सबसे बड़ी बात यह है कि लोग लगभग दो महीनों से पानी की किल्लत का रोना रो रहे हैं, लेकिन एफएमडीए के अधिकारी उनकी समस्या का निराकरण नहीं कर पा रहे हैं।

विजय प्रताप ने एफएमडीए अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा भी आप लोगों को नहीं दे पा रहे, ऐसे में इस एजेंसी का क्या फायदा। विजय प्रताप सिंह ने कहा कि पानी भी पिक एण्ड चूज के हिसाब से दिया जा रहा है। इन कॉलोनियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है उन्होंने कहा कि लोगों के घरों में 4-4 दिन से पानी नहीं आ रहा। ऐसे में मजबूरनवश लोग पानी के टैंकर मंगाकर पानी पीने को मजबूर हैं। विजय प्रताप ने कहा सैनिक कॉलोनी, एसजीएम नगर एवं शिव दुर्गा विहार में कम से कम 4 लाख लोग रहते हैं, लेकिन लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। इतनी भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए परेशान हैं, लेकिन सत्ताधारी लोग संवेदनहीन की तरह तमाशा देख रहे हैं। इसके बाद उन्होंने नगर निगम कमिश्नर से भी मुलाकात कर उन्हें इस परेशानी से अवगत कराया, निगम कमिश्नर ने बहुत जल्द ही समस्या के निवारण का आश्वासन दिया एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये,

# मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद एवं महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के द्वारा निर्जला एकादशी के अवसर पर मीठे पानी की छबीली लगाई गई

**फरीदाबाद।** मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद एवम महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में बीके चौक पर मीठे पानी की छबील का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मारवाड़ी युवा मंच अध्यक्ष विमल खंडेलवाल ने बताया कि उनकी संस्था के द्वारा कई सालों से निरंतर निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर मीठे पानी की छबील लगाई जा रही है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन लोगों को पानी पिलाने का बहुत ज्यादा महत्व है। उसी के अनुरूप यह कार्यक्रम निरंतर वर्षों से





किया जा रहा है। आज भीषण गर्मी होने के उपरांत तकरीबन 1000 लीटर पानी की शरबत मात्र 4 घंटे में वितरित हो गई।

महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल अगीवाल ने बताया कि पदमपुराण के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष में निर्जला एकादशी व्रत किया जाता है, जिसको करने से सभी एकादशियों का फल प्राप्त हो जाता है। एकादशी तिथि पर श्रीहरि और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। यह एकादशी व्रत समाज में एकता, धर्मनिष्ठा और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी युवा मंच के कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व अध्यक्ष संजय गोयल अनिरुद्ध गोएंका,मनीष अग्रवाल, महेश्वरी सेवा ट्रस्ट की तरफ से संयोजक रामनिवास भूतड़ा, नंदलाल चांडक, विपिन कुमार मल, पूर्व अध्यक्ष अरिहंत जैन, नारायण शर्मा, शाखा सचिव निकुंज अग्रवाल,

महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के सचिव श्रवण मिमाणी, महेश्वरी मंडल के अध्यक्ष रामकुमार राठी,विपिन माहेश्वरी संजीव कोठारी,श्वेता आगीवाल, अशोक कुकरेजा एवं समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे ।

# निर्जला एकादशी के अवसर पर समाजसेवियों ने किया शीतल व मीठे जल का वितरण

**फरीदाबाद,** महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट (रजि.) एवं आरडब्ल्यूए महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद (रजि.) द्वारा मंगलवार को निर्जला एकादशी के अवसर पर ओल्ड फरीदाबाद के महावीर नगर स्थित श्री महावीर मंदिर में मीठे व शीतल जल वितरण हेतु छबील लगाकर इस भीषण गर्मी के राहगीरों को राहत प्रदान की गई। शीतल जल वितरण के इस नेक कार्य में समाजसेवी टेकचंद नन्द्राजोग (टोनी पहलवान), चरन सिंह सैनी, योगेश चावला, टीटू मटकेवाला, के.डी. शर्मा, योगेश जख्मी, चन्दर दुग्गल, पं. शिवराम शर्मा, चिराग शर्मा, सतनाम सिंह, कमल नन्द्राजोग, पं. राजीव शास्त्री, प्रेमवीर सिंह, बलराज, रमेश चौधरी व तन्नू नागपाल ने अपनी अहम भूमिका निभाई। इससे पूर्व श्री महावीर मंदिर में सुबह हनुमान जी को चोला चढ़ाकर पूर्जा-अचर्ना की गई व तदुपरांत प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों समाजसेवी टेकचंद नन्द्राजोग (टोनी





पहलवान), चरन सिंह सैनी, केडी शर्मा व योगेश चावला ने कहा कि सनातन धर्म में ज्येष्ठ मास का बहुत महत्व है और उसमें भी खास है इस महीने में पड़ने वाला मंगलवार व निर्जला एकादशी। उन्होंने बताया कि इन दिनों सूर्य पृथ्वी के सबसे करीब रहता है

जिससे गर्मी अपने चरम पर रहती है। उन्होंने बताया कि निर्जला एकादशी को शर्बत और शीतल जल का वितरण खास महत्व है। उन्होंने बताया हमारे शास्त्रों में भी नर सेवा को नारायण सेवा के रूप में देखा गया है, निर्जला एकादशी पर की जाने वाली इस सेवा से भक्तों को मनचाहा फल मिलता है और रोग-दोष से मुक्ति मिलती है। आर्थिक, मानसिक और शारीरिक परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए लोग बजरंगबली की पूजा करते हैं।

## संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्पन्न हुई परीक्षा से सम्बन्धित डी-ब्रीफिंग बैठक: अतिरिक्त उपायुक्त डाक्टर आनन्द शर्मा



**फरीदाबाद।** गत रविवार को संघ लोक सेवा आयोग / युनियन पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित सम्पन्न हुई परीक्षा से सम्बन्धित डी-ब्रीफिंग बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त डाक्टर आनन्द शर्मा ने की। जहां यूपीएससी द्वारा आन लाइन वीसी के जरिये लिए ड्यूटी पर लगे अधिकारियो से परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए सुझाव सांझे किए गए। मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्पन्न हुई परीक्षा से सम्बन्धित डी-ब्रीफिंग बैठक का आयोजन सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वैशन हॉल में किया गया। समीक्षा कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा ने सर्व प्रथम परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए ड्यूटी पर लगे अधिकारियों को प्रीमियर परीक्षा के सफल क्रियान्वयन के लिए बधाई दी। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा ने यूपीएससी/संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली लिखित परीक्षा के ड्यूटी पर लगे अधिकारियों से परीक्षा के समय आने वाली समस्याओं के बारे में जाना और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यूपीएससी के जॉइंट डायरेक्टर नरदेव वर्मा समस्याओं से अवगत कराया। ताकि निकट भविष्य में होने वाली परीक्षाओं में यह समस्याए न आए और परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए सुझाव शामिल किए जाएंगे।

## हरियाणा के पंचायत विभाग के मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

### आगामी शनिवार को सूरजकुंड के राजहंस होटल में स्वयं सहायता समूहों की एक दिवसीय कार्यशाला का होगा आयोजन: सीईओ जिला परिषद सतबीर मान

**फरीदाबाद।** सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि 22 जून शनिवार को सूरजकुंड के राजहंस होटल में स्वयं सहायता समूहों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जहां स्वयं रोजगार के लिए स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान बारे विस्तार पूर्वक मंत्रणा की जाएगी। सीईओ



जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग के मंत्री श्री महिपाल ढांडा कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि होटल राजहंस, सूरजकुंड सीएक्सओ मीट/ ३७ड टीं३ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन 22.6.2024 का प्रातः 9.00 बजे से किया जाएगा।

# हरियाणा कैरम संघ द्वारा 22 से 24 जून तक राज्य स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन

**फरीदाबाद।** हरियाणा कैरम संघ द्वारा आगामी 22 से 24 जून 2024 तक ऐश्लान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कबूलपुर, खेड़ी मंझावली रोड, फरीदाबाद में हरियाणा राज्य कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। राज्य कैरम संघ के महासचिव एसके शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐश्लान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है जिसमें फरीदाबाद जिला कैरम संघ भी सहयोग कर रहा है। उन्होंने बताया कि दूसरी सुविधाओं के अतिरिक्त ऐश्लान विशेष तौर पर प्रतियोगिता के लिए हॉस्टल और वातानुकूलित हॉल उपलब्ध करा रहा है। प्रदेश के 14 जिलों के 200 से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता की 10 विभिन्न श्रेणियों में भाग लेंगे। खिलाड़ी कैडेट बॉयज (व12), कैडेट गर्ल्स (व12), सब-जूनियर बॉयज (व14), सब-जूनियर गर्ल्स (व14), जूनियर बॉयज (व18), जूनियर गर्ल्स (व18), पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष टीम और महिला टीम स्पधाओं में शीर्ष स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। सभी श्रेणियों में मैच सारा दिन खेले जाएंगे। चैंपियनशिप के आयोजन सचिव गौरव ने बताया कि फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य आगामी 22 जून को प्रातः 11 बजे चैंपियनशिप का उदघाटन करेंगे एवं हरियाणा कैरम संघ के अध्यक्ष आईएएस पंकज यादव समारोह की अध्यक्षता करेंगे। प्रोफेसर (डॉ.) सुदर्शन गोस्वामी, निदेशक, ऐश्लान इंस्टीट्यूट समारोह में विशेष अतिथि होंगे। उन्होंने आगे बताया कि फरीदाबाद के जिला उपायुक्त विक्रम 24 जून को दोपहर 2 बजे ऐश्लान परिसर में आयोजित समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगे। प्रोफेसर (डॉ.) एमके सैनी, डीन छात्र कल्याण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे व पंकज यादव, आईएएस संघ के अध्यक्ष समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस राज्य प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए चयन किया जायेगा।

## 28वें महावीर अवार्ड के लिए करें अप्लाई 30 जुलाई तक, आवेदन किए गए आमंत्रित: डीसी विक्रम सिंह

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि 28वें महावीर अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए आवेदकों को अप्लाई करने के लिए 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी ने कहा कि विजेता को 10 लाख रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे।



डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा 28वें महावीर अवार्ड के लिए चार क्षेत्रों क्रमशः अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा में आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। फाउंडेशन द्वारा चार क्षेत्रों क्रमशः अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा में पुरस्कार महावीर दिए जाने हैं, जिनमें प्रत्येक क्षेत्र में विजेता को 10 लाख रुपए, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा।

# योग रत्न शिक्षक सम्मान समारोह नेशनल योगा टीचर अवार्ड





**फरीदाबाद:** मानवीय निर्माण मंच भारत के तत्वाधान में योग रत्न शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में 10 राज्यों के 120 योग शिक्षकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय महिला महाविद्यालय, सेक्टर 16, फरीदाबाद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मशहूर अभिनेता, थिएटर निमार्ता और प्रोड्यूसर श्री राहुल भूचर उपस्थित रहे। श्री भूचर पिछले 5 वर्षों से अयोध्या की रामलीला में प्रभु श्री राम का किरदार निभा रहे हैं। कार्यक्रम में आर्य जगत के विद्वान संन्यासी स्वामी आर्यवेश भी उपस्थित थे, जिन्होंने 34 देशों में आर्य सभ्यता का प्रचार-प्रसार किया है और वर्तमान में प्रधान के पद पर विराजमान हैं। इसके अतिरिक्त, जिला फरीदाबाद के भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी श्री अंकुर सिंह जी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बलराम आर्य ने बताया कि यह कार्यक्रम योग शिक्षकों के सम्मान और स्वाभिमान के लिए आयोजित किया गया था। समाज में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले योग शिक्षकों को इस मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्याम आर्य और पुष्टि बंसल ने किया। इस अवसर पर मानवीय निर्माण मंच के समस्त अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, जिसमें आयोजन सचिव पवन, जगवीर और उत्तम आर्य शामिल थे। मानवीय निर्माण मंच की राष्ट्रीय इकाई से राजेंद्र, देवेंद्र, अमित, बिट्टू, दीपक डगर, अजीत सोलंकी, शिवराम आर्य, आकाश, महाशय ईश्वर सिंह और महिपाल आर्य भी उपस्थित रहे।

इस भव्य समारोह ने समाज में योग शिक्षकों की महत्ता और उनके योगदान को मान्यता देने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मानवीय निर्माण मंच भारत की ओर से यह कार्यक्रम सभी के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बना और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया गया।

# सामाजिक न्याय और अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग के जरिए दी जा रही है प्रोत्साहन धनराशि

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि डा. बीआर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियां आगामी 21 जून तक दूर करवाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में सरकार विद्यार्थियों को धनराशि से प्रोत्साहित कर रही है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग के जरिये दी लाभार्थी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन धनराशि दी जा रही है। डा बीआर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना के जरिए विद्यार्थियों को वजीफा दिया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग हरियाणा, पंचकूला द्वारा चलाई जा रही डा बीआर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना के वर्ष 2023-24 में छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन विभागीय पत्र वैबसाईट ttps://saralharyana.gov.in पर गत 01.07.2023 से 31.01.2024 तक प्राप्त किये थे, जिनकी तिथि बढाकर 15-03-



2024 कर दी गई थी। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग, विमुक्त घुमन्तु, टपरीवास श्रेणी और अन्य वर्गो के छात्र/छात्राओं को सक्षम बनाने के लिये आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं मैट्रिक से स्नातकोत्तर कक्षाओं में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिनके लिये कुछ विवरण शर्तो का पालन किया जाना है।

**यह धनराशि मिलेगी लाभार्थी विद्यार्थियों को**

जिला कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति के लिए छात्रवृत्ति की आधार परीक्षा कक्षा, आधार परीक्षा में दसवीं के लिए शहरी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 60 प्रतिशत अंक लाने पर प्राप्त अंकों की प्रतिशतता की छात्रवृत्ति राशि- 8000/-रुपये दी जाती है। वहीं बारहवीं के लिए शहरी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 70 प्रतिशत लेने पर छात्रवृत्ति राशि- 8000/- से 10000/- तक दी जाती है।

इसी प्रकार ग्रेजुएट के लिए शहरी क्षेत्रों में 65 प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्रों में 60 प्रतिशत अंक लाने पर छात्रवृत्ति राशि- 9000/- से 12000/- तक छात्रवृत्ति दी जाती है।

# आज 6:00 बजे होगा दसवें योग मैराथन का आयोजन प्रशासन ने किया रोड मैप जारी: अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा

**फरीदबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनन्द शर्मा ने कहा कि बुधवार 19 जून को प्रातः 06:00 बजे योग मैराथन का आयोजन होगा तथा 20 जून को फूल ड्रैस योग दिवस रिहर्सल आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनन्द शर्मा मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में विभागवार अधिकारियों को 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आयोजित मैराथन और फाइनल फुल ड्रेस रिहर्सल जिम्मेदारियां देकर उन्हें दिशा-निर्देश दे रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनन्द शर्मा ने बताया कि आगामी 21 जून 2024 को "10वें अतंर्राष्ट्रीय योग दिवसह्यह्य का आयोजन उपमण्डल स्तर पर तिगांव और बड़खल में तथा जिला स्तर कार्यक्रम हरियाणा राज्य खेल परिसर सेक्टर-12 में आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनन्द शर्मा ने कहा कि योग दिवस से पहले 19 जून को योग मैराथन दौड़ का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें खेल विभाग से खिलाड़ी, शिक्षा विभाग से विद्यार्थीगण, स्वयंसेवी संस्थाएं व आम नागरिक भाग लेंगे।

**जिला स्तरीय मैराथन का यह है रूट चार्ट**

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनन्द शर्मा ने बताया कि योग मैराथन खेल परिसर सेक्टर-12 से शुरू होकर सेक्टर-15 गीता मंदिर के सामने से होते हुए सेक्टर-15 हुड्डा मार्किट से बीएसएनएल ऑफिस के आगे से होते हुए सेक्टर-15 पुलिस स्टेशन के आगे से गुजरते हुए वापिस खेल परिसर में समाप्त होगी। इस दौरान यातायात पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल के लिए मुस्तैद रहेगी। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनन्द शर्मा ने आमजन से अपील की अधिक से अधिक संख्या में योग मैराथन और योग दिवस से बढ़चढ़ का हिस्सा लें। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद शिखा अन्तिल, डीडीपीओ कैप्टन प्रदीप कुमार, एसीपी राजीव कुमार, जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर मनीषा लांबा सहित अन्य विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।



# भारत में लैंगिक असमानता की बढ़ती खाई

## संपादकीय

## ईवीएम पर फिर घमासान

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के दावे और सवाल रविवार को एक बार फिर से उठ खड़े हुए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया में मुंबई की एक खबर-जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोक सभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार के एक रिश्तेदार ने चार जून को मतगणना के दौरान एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था जो ईवीएम से जुड़ा हुआ था-का हवाला देते हुए ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। हालांकि चुनाव आयोग ने मोबाइल से लिंक के दावे को खारिज कर दिया है, और फिर से स्पष्ट किया है कि ईवीएम स्वतंत्र प्रणाली है, और इसमें सुरक्षा के मजबूत उपाय हैं। राहूल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के चेयरमैन एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के एक पोस्ट का हवाला भी दिया जिसमें मस्क ने दावा किया है कि ईवीएम में छेड़छाड़ का खतरा बहुत अधिक है। उनका कहना है कि ईवीएम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हैक किया जा सकता है, इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' है, और किसी को भी उसकी जांच की अनुमति नहीं है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की है। बहरहाल, इस प्रकार ईवीएम पर सवाल उठाया जाना कोई नई बात नहीं है। काफी समय तक ईवीएम को लेकर पक्ष-प्रतिपक्ष के बीच तकरार रही। मामला अदालत में भी पहुंचा। अदालत ने स्पष्ट फैसला देकर इस विवाद का अंत कर दिया था। लेकिन नये घटनाक्रम के बाद प्रतिपक्ष ईवीएम को फिर से संदेह के घेरे में लाने को प्रेरित हुआ है। उसे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जतलाने, बल्कि कहें कि चुनाव में धांधली की आशंका जताने का मौका भी मिल गया है। प्रतिपक्ष चुनाव से जुड़ी संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल उठा रहा है, और जवाबदेही के अभाव में लोकतंत्र के दिखावा भर रह जाने की बात कह रहा है। ईवीएम को लेकर एक बार फिर से सियासी घमासान छिड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। जब ईवीएम को लेकर शक-संदेहों का चुनाव आयोग अपने स्तर पर निराकरण कर चुका है, अदालत ने भी व्यवस्था दे दी है, और सबसे बड़ी बात कि विपक्ष ईवीएम के जरिए चुनावी जीत को सहज लेता है, तो भी शक-संदेह जताना उसकी अपरिपक्वता दिखाता है।



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल में प्रस्तुत किये गए लैंगिक अंतर के आंकड़ों ने एक ज्वलंत प्रश्न खड़ा किया है कि शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आधी दुनिया को उसका हक क्यों नहीं मिल पा रहा है? निस्संदेह, हमारे सत्ताधीशों को सोचना चाहिए कि लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत 146 देशों में 129वें स्थान पर क्यों है? लगातार महिलाओं की दोयम दर्जा की स्थिति का बना रहना नीति-नियंताओं के लिये आत्ममंथन का मौका हैं। निश्चय ही यह स्थिति भारत की तरक्की के दावों से मेल नहीं खाती। इसके बावजूद उम्मीद जगाने वाला तथ्य है कि पिछले वर्ष जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी को लेकर विधेयक पारित हो चुका है। इसके बावजूद हाल में सामने आए आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तरक्की के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाने और कायदे कानूनों में बदलाव के बावजूद लैंगिक असमानता की खाई गहरी क्यों होती जा रही है। ये स्थितियां समाज में इस मुद्दे पर खुले विमर्श की जरूरत को बताती हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में सीमित मात्रा में महिलाओं के संसद में पहुंचने ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। निश्चित रूप से तमाम सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीन पर महिला असमानता के दंश विद्यमान रहना बड़ी चुनौती है।

लैंगिक अंतर सूचकांक में पिछले साल भारत 127वें स्थान पर था, जो 2022 में 135वें स्थान से 1.4 प्रतिशत अंक और आठ पायदान ऊपर था। लेकिन इस वर्ष फिर दो पायदान ऊपर चढ़ा है। सूचकांक में भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश को 99वें, चीन को 106वें, नेपाल को 117वें, श्रीलंका को 122वें, भूटान को 124वें और पाकिस्तान को 145वें स्थान पर रखा गया है। आइसलैंड (93.5 फीसदी) फिर से पहले स्थान पर है और डेढ़ दशक से सूचकांक में सबसे आगे है। शीर्ष 10 में शेष नौ अर्थव्यवस्थाओं में से आठ ने अपने अंतर का 80 फीसदी से अधिक हिस्सा पाट लिया है। निश्चित तौर पर किसी भी समाज में पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में लंबा समय लगता है, लेकिन इस दिशा में सत्ताधीशों की तरफ से ईमानदार पहल होनी चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के आंकड़ों की तुलना दक्षिण एशिया के छोटे देशों से नहीं की जा सकती। इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया में सरकारों द्वारा लैंगिक समानता के लिये नीतियां बनाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। जिसकी एक वजह समाज में पुरुष प्रधानता की सोच भी है। जिसके चलते यह आभास होता है कि आधी दुनिया के कल्याण के लिये बनी योजनाएं महज घोषणाओं तथा फाइलों तक सिमट कर रह जाती हैं।

भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता की स्थितियों का बना रहना विडम्बनापूर्ण हैं। भारत में रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के स्वर तो बहुत सुनने को मिलते हैं, महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार भी पुरुषों के बराबर दिया गया है, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। हमारे सत्ताधीशों के लिये यह तथ्य विचारणीय है कि हमारे समाज में आर्थिक असमानता क्यों बढ़ रही है? हम समान कार्य के बदले महिलाओं को समान वेतन दे पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं? जाहिर है यह अंतर तभी खत्म होगा जब समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा। यह संतोषजनक है कि माध्यमिक शिक्षा में नामांकन में लैंगिक समानता की स्थिति सुधरी है। फिर भी महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देर-सवेर महिला आरक्षण कानून का ईमानदार क्रियान्वयन समाज में बदलावकारी भूमिका निभा सकता है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व इस मुद्दे को अपेक्षित गंभीरता के साथ देखे।

महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज भी महिला असमानता की स्थितियां बनी हुई है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। भारत में महिला रोजगार को लेकर चिंताजनक स्थितियां हैं। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। रोजगार या नौकरी का जो क्षेत्र स्त्रियों के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा जरिया रहा है, उसमें इनकी भागीदारी का अनुपात बेहद चिंताजनक हालात में पहुंच चुका है। यों जब भी किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है। दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट ह्यटाइम टू केयरह्न में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों?

नरेन्द्र मोदी की पहल पर निश्चित ही महिलाओं पर लगा दोयम दर्जा का लेबल हट रहा है। हिंसा एवं अत्याचार की घटनाओं में भी कमी आ रही है। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। स्त्री शक्ति के प्रति सम्मान भावना ही नहीं, समानता, सह-अस्तित्व एवं सौहार्द की भावना जागे, तभी उनके प्रति हो रहे अपराधों में कमी आ सकेगी और लैंगिक असमानता को दूर किया जा सकेगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने नीट मामले पर दिखाई सख्ती



मेडिकल प्रवेश परीक्षा यूजी एनईईटी 2024 पर शीर्ष अदालत में एक बार फिर सुनवाई हुई। मंगलवार, 18 जून को सुप्रीम कोर्ट ने नीट 2024 की एक याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान रउ ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को फटकारते हुए कहा, 'अगर किसी की ओर से 0.001% भी लापरवाही हुई है, तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। बच्चों ने परीक्षा की तैयारी की है, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते'। सर्वोच्च न्यायालय सभी स्टूडेंट्स के लिए नीट एग्जाम 2024 कैंसिल करने और नीट की परीक्षा दोबारा आयोजित करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। इस दौरान कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी से कहा, 'परीक्षा संचालित करने वाली एक एजेंसी के तौर पर आपको निष्पक्ष होना ही चाहिए। अगर कोई गलती हुई है, तो कहिए हां, ये गलती है और हम ये एक्शन लेने जा रहे हैं। क से कम इससे लोगों का आपमें विश्वास बनेगा।'

8 जुलाई को 'सुप्रीम सुनवाई' नीट में गड़बड़ी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई 8 जुलाई को होने वाली है। नीट यूजी एग्जाम 2024 के तुरंत बाद से ही नीट पेपर लीक, नीट कैंसिल समेत जितनी याचिकाएं टॉप कोर्ट में लगाई गई हैं, उन सभी पर इकट्ठे सुनवाई की तारीख 8 जुलाई दी गई है। इस बीच 23 जून को उन छात्रों के लिए नीट री एग्जाम आयोजित किया जा रहा है जिन्हें पहले ग्रेस मार्क्स दिए गए थे। लेकिन बाद में एनटीए ने Grace Marks वापस ले लिए। इसके अलावा नीट यूजी काउंसलिंग 2024 की शुरूआत 6 जुलाई से हो सकती है। कोर्ट ने नीट काउंसलिंग पर रोक नहीं लगाई है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा है कि अगर काउंसलिंग के बाद भी ये साबित होता है कि नीट का पेपर लीक हुआ या धांधली हुई थी, तो भी परीक्षा रद्द की जा सकती है।

## इस बंदे ने मात्र 70 हजार में बना दी लकड़ी की इलेक्ट्रिक बुलेट



रॉयल एनफील्ड भले ही आने वाले वर्षों में इलेक्ट्रिक बुलेट लॉन्च करे, लेकिन जुगाड़ के दम पर हरियाणा के एक बंदे ने एक ऐसी मोटरसाइकल बनाई है, जो कि एकदम बुलेट जैसी दिखती है और इससे भी बड़ी बात यह है कि इसे काठ, यानी लकड़ी से बनाया गया है। अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा कैसे संभव है। दर-असल, संभव तो बहुत कुछ है, बस इसके लिए जज्बा चाहिए। जज्बे की ऐसी ही कहानी है हरियाणा के इस शख्स की, जिसका रील आगे आपको दिखेगा। इस वीडियो में इस बंदे ने बताया है कि कैसे उसने 70 हजार रुपये की लागत में अपने लिए बुलेट जैसी दिखने वाली इलेक्ट्रिक बाइक बना ली।

आपको जानकर हैरानी होगी कि इस तथाकथित इलेक्ट्रिक बुलेट को लकड़ी से बनाया गया है। इसमें लकड़ा का फ्यूल टैंक और एग्जॉस्ट भी दिया गया है। इसमें 4 बैटरी लगी है और चार्जिंग सेटअप भी लगाया गया है। चूंकि, यह इलेक्ट्रिक बाइक है, ऐसे में फ्यूल टैंक सेटअप के अंदर स्टीरियो सिस्टम लगाया गया है, जिसमें तरह-तरह के म्यूजिक को हैंडलबार में लेफ्ट हैंड से कंट्रोल किया जा सकता है। एक और जो दिलचस्प बात है, वो ये है कि इसमें लकड़ी की एग्जॉस्ट लगाया गया है और साउंड सिस्टम की मदद से इसमें बुलेट जैसी आवाज भी निकलती है।आपको बता दें कि वायरल रील में हरियाणा के इस बंदे ने बताया कि बुलेट जैसी दिखने वाली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल को बनाने में उसे कुल 70 हजार रुपये का खर्च आया। इसमें कुछ स्टोरेज स्पेस भी दिया गया है, जिसनें पानी और अन्य सामान भी रख सकते हैं। इसमें राउंड शेप वाला हेडलैंप और रियर में बुलेट वाली टेललाइट लगी है। हरियाणा के इस युवा के वीडियो को कुसुम गोयत नाम के इंस्टाग्राम यूजर ने शेयर किया है और इसे अब तक 57 लाख से ज्यादा लोगों ने देख लिया है। इस वीडियो को 2 लाख से ज्यादा लाइक्स और हजारों कमेंट्स मिल चुके हैं। तो ये रही हरियाणा के एक बंदे द्वारा बनाई गई कथित इलेक्ट्रिक बुलेट की कहानी, जो कि जुगाड़ की एक अलग परिभाषा बताती है।

## गर्मी में इन वजहों से लग जाती है कार में आग



कार में आग लगने की घटनाओं ने इस साल गर्मी के मौसम में लोगों को बहुत परेशान किया है। दरअसल, गर्मी ही इतनी ज्यादा है कि मशीन में भी खराबी आना स्वाभाविक है। हालांकि, कुछ बातों को अमल में लाकर आप अपनी कार में आग लगने की घटना से बच सकते हैं और खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। हमने सोचा कि आज आपको इन वजहों के बारे में बताएं, जिसके कारण कार में आग लग जाती है और साथ ही ये भी बताएंगे कि किन सुरक्षा उपायों को आजमाकर आप खुद को और अपनी कार को तपती गर्मी में भी सुरक्षित रख सकते हैं। तो चलिए, आप इस बेहद जरूरी लेख के आखिरी शब्दों तक टिके रहें और सारी जानकारी जान लें।

**गर्मी में कार में आग लगने की वजहें**

गर्मी का मौसम आते ही कार में आग लगने की घटनाओं में भी इजाफा होता है। तेज गर्मी, लापरवाही और कुछ तकनीकी खामियां इन हादसों के लिए जिम्मेदार हो सकती हैं। ऐसे में जानना जरूरी है कि आखिर कार में आग किन वजहों से लगती है। दरअसल, कई बार खराब वायरिंग, ढीले कनेक्शन, पुराने फ्यूज या ओवरलोडेड इलेक्ट्रिकल सिस्टम में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग सकती है। वहीं, पेट्रोल, डीजल या एसी गैस में लीकेज के कारण ये ज्वलनशील पदार्थों के संपर्क में आ जाते हैं और इसकी वजह से आग लग जाती है। यहां सबसे जरूरी है कि आप अगर तेज धूप या गर्मी में गाड़ी को सीधी धूप में खड़ी रखेंगे तो इंजन और अन्य कॉम्पोनेंट्स ज्यादा गर्म हो सकते हैं और इससे आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। आप भी गाड़ी में ज्वलनशील पदार्थ, जैसे सिगरेट, लाइटर, या गैस सिलेंडर रखते होंगे, जो कि आपकी सुरक्षा और उपभोग से जुड़े जरूर हैं, लेकिन इनसे आग लगने का खतरा पैदा हो सकता है। साथ ही आप अगर घटिया या नॉन-स्टैंडर्ड स्पेयर पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल सामान या इंटीरियर को बेहतर बनाने के लिए कोई पार्ट्स आफ्टर मार्केट लगाते हैं तो ये कभी न कभी आग का कारण बन सकते हैं।

इन उपायों से आप कार में आग लगने से बचा सकते हैं गर्मी के मौसम में कार की ज्यादा से ज्यादा देखभाल जरूरी है। ऐसे में हो सके तो गाड़ी का नियमित रखरखाव करवाएं। मेंटेनेंस के वक्त मैकेनिक को जरूर कहें कहें कि वह वायरिंग, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, लिक्विंड्स की लीकेज और टायरों की सही से जांच करे। इससे साथ ही अपनी कार को हमेशा छाया में या ठंडी जगह पर पार्क करें। आप अगर सीधी धूप में पार्क करते हैं तो विंडो थोड़ी खुली रखें, ताकि केबिन का टेंपरेचर ज्यादा ना हो। गाड़ी में कभी भी ज्वलनशील पदार्थ न रखें।

आप अपनी कार में हमेशा आग बुझाने का यंत्र रखें और इसका इस्तेमाल करना सीखें। साथ ही ध्यान रखें कि गाड़ी से कोई धुआं, जलन, या असामान्य आवाज आने पर तुरंत रुक जाएं और जांच कराएं।

# यूजीसी नेट सब्जेक्ट लिस्ट में जुड़ा नया विषय

नैशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट में अब डिजास्टर मैनेजमेंट यानी आपदा प्रबंधन विषय को भी शामिल कर लिया गया है। यूजीसी कमीशन की 580वीं बैठक में यह फैसला लिया गया है कि दिसंबर 2024 में होने वाली यूजीसी नेट की परीक्षा में छात्रों को आपदा प्रबंधन विषय को चुनने का मौका भी मिलेगा, जिसे एडिशनल सब्जेक्ट के तौर पर चुना गया है। अब स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में आपदा प्रबंधन की पढ़ाई पर खास ध्यान दिया जा रहा है। इसी को देखते हुए यूजीसी ने एक विशेषज्ञ कमिटी बनाई थी।

यूजीसी का कहना है कि कमिटी की सिफारिश के आधार पर ही आपदा प्रबंधन विषय को यूजीसी-नेट परीक्षा में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने आपदा प्रबंधन कोर्स का सिलेबस भी तैयार कर लिया है, जिसे यूजीसी नेट की वेबसाइट www.ugcnetonline.in और ugcnet.nta.nic.in पर अपलोड किया गया है।

दिसंबर 2024 के लिए यूजीसी नेट की तैयारी कर रहे छात्र अगर आपदा प्रबंधन विषय को चुनना चाहते हैं तो उनके लिए सिलेबस जारी कर दिया गया है। इस सिलेबस के आधार पर वह अपनी तैयारी कर सकते हैं।

आपदा प्रबंधन के सिलेबस में प्राकृतिक आपदाएं, मानव निर्मित आपदाएं, अग्नि आपदा सुरक्षा, आपातकालीन स्थिति में जल, सफाई, शहरी नियोजन के मुद्दे जोड़े गए हैं, जिनका मकसद भारत में जोखिम कम करना है। इस विषय की पढ़ाई से लोगों को जागरूक किया जा सकेगा कि हम अपने पर्यारवण को कैसे बचा सकते हैं ताकि आपदाओं का खतरा कम हो। कहीं बाढ़ तो कहीं भयंकर गर्मी से लोग परेशान है। पर्यावरण से खिलवाड़ लोगों




को भारी पड़ रहा है। विकास की योजनाओं के साथ- साथ पर्यावरण को बचाने के उपाय भी करने होंगे।

जोड़े जा रहे और भी विषय

वहीं, सूत्रों का कहना है कि यूजीसी नेट एग्जाम में समय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए-नए विषय जोड़े जा रहे हैं और हो सकता है कि आने वाले समय में कुछ और विषयों को भी मंजूरी दी जाए। अभी नेट एग्जाम में 83 विषयों की परीक्षा होती है और आपदा प्रबंधन विषय के बाद कुल विषयों की संख्या 84 हो गई है।

यूजीसी के एक सीनियर अधिकारी का कहना है कि आपदा प्रबंधन विषय को शामिल करना सही दिशा में लिया गया महत्वपूर्ण कदम है और उम्मीद है कि बड़ी संख्या में छात्रों को इसका फायदा मिलेगा। यूजीसी नेट एग्जाम को लेकर आयोग महत्वपूर्ण सिफारिशों को लागू कर रहा है। यूजीसी नेट सिलेबस को भी रिव्यू किया जा रहा है।

यूजीसी नेट 2024 की परीक्षा मंगलवार को हो रही है। पहले यह परीक्षा 16 जून को होनी थी, लेकिन यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए यूजीसी नेट 2024 का आयोजन अब 18 जून को किया गया। इस बार ओएमआर मोड में एक ही दिन में इस परीक्षा का आयोजन हुआ है।

यूनिवर्सिटी-कॉलेजों में असिस्टेंट प्रफेसर की नियुक्ति और जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए नेट एग्जाम एनटीए आयोजित करती है। इस बार देश की यूनिवर्सिटीज और उच्च शिक्षा संस्थानों में पीएचडी कोर्स में एडमिशन के लिए अब यूजीसी नेट अंक के आधार पर दाखिला हो सकेगा। यूजीसी अब सिंगल नैशनल एंट्रेंस टेस्ट पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। इसी के तहत यूजीसी नेट स्कोर के आधार पर पीएचडी में एडमिशन हो सकेगा।

## नशे के खिलाफ पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**सोहनाः** सदर थानाध्यक्ष जगजीत सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के खिलाफ अभियान चलाया। लोगों को जागरूक करते हुए नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। कई जगह नुक्कड़ सभाएं कर शराब, चरस, स्मैक के कारोबार में मिलने वाली सजा की जानकारी देते हुए इस धंधे से दूर रहने को कहा गया। थाना प्रभारी ने नशा मुक्ति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्कूलों के नजदीक या गांवों में मादक पदार्थो का सेवन अथवा तस्करी हो रही हो तो कोई भी व्यक्ति इसकी सूचना पुलिस को दे सकता है। स्कूलों के नजदीक बीड़ी, तम्बाकू या अन्य तम्बाकू उत्पाद या मादक पदार्थो की बिक्री भी प्रतिबंधित है। किसी वाहन चालक द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जाता है तो उसकी फोटो खींचकर पुलिस को दे। पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। इधर पुलिस के इस अभियान को आम लोगों का भी समर्थन मिल रहा है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस के इस अभियान में आम लोगों का सहयोग मिल रहा है। जागरूक लोग पुलिस के साथ मुहिम में शामिल होकर अन्य लोगों को नशे के खिलाफ सचेत कर रहे हैं।

# पेयजल समाधान के लिए आफताब ने ली चीफ इंजीनियर व अन्य अधिकारियों की बैठक

## पेयजल समस्या के लिए बीजेपी सरकार जिम्मेदारः आफताब अहमद

**अनिल मोहनियां नूंह**

नूंह जिले में पेयजल आपूर्ति की किल्लत के समाधान के लिए नूंह विधायक व कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने मंगलवार को नूंह रेस्ट हाउस पर चीफ इंजीनियर देवेंद्र दहिया, एस ई कृष्ण दहिया सहित संबंधित एक्सईएन, एस डी ओ, जूनियर इंजीनियर सहित अन्य अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कई गांवों के सरपंचों सहित इलाके के जिम्मेदार व्यक्ति भी मौजूद रहे जिन्होंने अपने गांवों की समस्याओं से अधिकारियों को अगवत कराया। विधायक आफताब अहमद ने अधिकारियों से साफ कहा कि उन्हें तुरंत पेयजल समस्याओं का समाधान चाहिए फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था शुरू हो जिसे कुछ समय में स्थाई समाधान किया जाय। तीन जून को विधायक आफताब अहमद ने जिला अधिकारियों से बैठक कर पेयजल आपूर्ति के समाधान के लिए कहा था। लेकिन एक हफ्ते तक समाधान नहीं होने के बाद विधायक ने अतिरक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य विभाग को 10 जून को पत्र लिखकर कहा था कि 48 डिग्री तापमान में इंसानों और पशुओं को पेयजल आपूर्ति की किल्लत के कारण प्रभावित होना पड रहा है और समस्या गंभीर होती जा रही है। विधायक ने मांग की थी कि एक उच्च अधिकारी की नियुक्ति की जाय जो समस्या की समीक्षा करके समाधान करे और विभाग सहित विधायक को आधिकारिक तौर पर अवगत कराए जिसके बाद चीफ इंजीनियर देवेंद्र दहिया को नूंह भेजा गया है जिन्होंने सोमवार को इलाके की समस्याओं को मौके पर जाकर देखा और मंगलवार को विधायक आफताब अहमद से बैठक की है।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि 2008 में कॉंग्रेस सरकार में



राजीव गांधी पेयजल परियोजना रैनीवेल में 55 लीटर पानी प्रति व्यक्ति 15 साल के लिए बनाए गए थे। 15 साल बाद लोगों की जरूरत बढ़ चुकी है और प्रदेश सरकार को इसकी क्षमता बढ़ाकर काम करना चाहिए था। लेकिन 2014 से आज तक 10 साल में इसपर कोई काम बीजेपी सरकार ने नहीं किया है। प्रदेश में 70 लीटर प्रति व्यक्ति पानी देने का दावा करने वाली बीजेपी सरकार नूंह जिले में 55 लीटर पानी प्रति व्यक्ति देने में ही असफल साबित हुई है। बार बार स्थानीय विधायक ने मामले को जिला प्रशासन से लेकर विधानसभा तक उठाया है लेकिन समय पर सरकार काम नहीं कर सकी जो अधिकारियों और सरकार की विफलताओं को दर्शाता है। अधिकारियों ने बैठक में विधायक आफताब अहमद को आश्वासन दिया कि 306 करोड़ रुपए का टेंडर प्रक्रिया में है, जिससे समाधान किया जाएगा। विधायक ने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था तुरंत शुरू की जाय जिसपर अधिकारियों ने कहा कि जहां जहां समस्या है वहाँ टैंकरों से प्रशासन पानी पहुंचाएगा। विधायक ने बादली सिंचाई आधारित पेयजल परियोजना, नूरपूर पेयजल योजना के साथ साथ महा ग्राम पेयजल परियोजना मालब- घासेडा पर भी विस्तृत चर्चा अधिकारियों संग की है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी का जल जीवन मिशन के तहत घर घर जल मेवात में पूरी तरह विफल साबित हो चुका है और लोगों में पानी के लिए हाहाकार है। दर्जनों गांवों में हाल बेहाल है टैंकरों से भी पानी प्रशासन नहीं पहुंचा पाया है। अधिकारियों ने विधायक आफताब अहमद को आश्वासन दिया कि टैंकरों से पानी तुरंत शुरू करेंगे और जल्द स्थाई समाधान के लिए कार्य तेज किया जायगा। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति कराए, नहरों में भी पानी पर्याप्त नहीं है तो दूसरी तरफ बिजली आपूर्ति भी बाधित होने के कारण समस्या और बढ़ गई है। हालांकि अधिकारियों ने विस्तृत रूप से विधायक आफताब अहमद को आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान तुरंत किया जायगा।

इन गांवों में पेयजल आपूर्ति पर हुई विस्तृत चर्चाः आकेडा, मालब, मेवली, कोटला, अडबर, टाई, सालाहेड़ी, मरोडा, निजामपुर, छावा, बुराका, रानीका, घासेडा, फिरोजपुर नमक, हिलाल पूर, रेवासन, छापडा, बाई, शेखपुर, बड़ेलाकी, खानपूर, नूंह शहर, कैराका, सुडाका, बैंसी, नौसेरा, गोलपूरी, आंधाका, बाउपुर, गुंडबास, टेरकपूर, सतपूतीयाका, हुसैनपूर, जोगीपूर, उजिना, धांधुका, सलंबा, मेडिकल कॉलेज सहित कई अन्य गांवों पर हुई विस्तारपूर्वक बैठक।

## किसान, गरीब, कमजोर व महिला कल्याण के लिए समर्पित केंद्र व राज्य सरकार : मंत्री सीमा त्रिखा

### प्रधानमंत्री मोदी ने डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में ट्रांसफर की 17वीं किस्त

**अनिल मोहनियां नूंह**

हरियाणा के शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा है कि केंद्र व राज्य दोनों सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर व महिला कल्याण के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। सीमा त्रिखा आज शहीद हसन खां मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नल्हड़ नूंह के ऑडिटोरियम में आयोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 17वीं किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं को बनाकर उन्हें क्रियान्वित किया है। कमजोर व पिछड़ा वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री नई-नई



नीतियों को बनाकर उन्हें लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर एक बात यह दशार्ती है कि वह एक गरीब परिवार के बेटे हैं और उनका पूरा जीवन देश व गरीब के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बीमारी से बचाने के लिए देश में उज्ज्वला योजना लागू की गई। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अपने लगभग साढ़े नौ साल के कार्यकाल में जनकल्याण के अनेक कार्य करके पूरे देश में एक मिसाल प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है जहां गरीबी की रेखा 1 लाख 80 हजार रुपए निर्धारित की गई है। जबकि अन्य राज्यों में यह 1 लाख 20 हजार है। सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का पैसा सीधा लाभार्थियों के बैंक खाते में जा रहा है। पूरी व्यवस्था में पारदर्शिता को लाया गया है। सरकार समाज के हर एक वर्ग के सम्मान व स्वाभिमान का ध्यान रखकर कार्य कर रही है।

बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए सीमा त्रिखा ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार ने मेवात क्षेत्र के विकास के लिए बड़ा वित्तीय सहयोग दिया है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में प्रदेश भर में 125 नए स्कूल भवनों का शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल भवन में सोलर सिस्टम लगाना चाहिए, इससे जो पैसा बचेगा उसे शिक्षा के क्षेत्र में खर्च किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मेवात क्षेत्र को आगे ले जाने के लिए स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

## आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें अधिकारी : मंत्री मूलचंद शर्मा

### जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में जारी किए दिशा निर्देश

**अनिल मोहनियां नूंह**

हरियाणा के उद्योग वाणिज्य एवं श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा ने आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए । श्री मूलचंद शर्मा आज लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे ।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जो समस्याएं जिला प्रशासन के दायरे से बाहर हैं, उनका निपटान सरकार के स्तर पर किया जाएगा । आज की जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में कुल 14 शिकायत रखी गई , जिनमें से 6 का मौके पर ही निपटा कर दिया गया । 8 शिकायतें आगामी बैठक के लिए लंबित रखी गई हैं और इन सभी के बारे में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर दिए गए। गांव इलाहाबाद निवासी सोहनलाल की शिकायत पर सुनवाई करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग इस मामले में एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें । गांव नल्हड़ निवासी श्रीमती राहिला की



शिकायत पर सुनवाई करते हुए मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि अगर जिला में अवैध प्लोटिंग होगी तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।इसके अलावा उन्होंने इस मामले में पुलिस को महिला सेल में मुकदमा दर्ज करने के लिए निर्देश दिए। गांव मुंडैता निवासी मुमताज अली की शिकायत पर सुनवाई करते हुए एसडीएम को निर्देश दिए कि इस मामले में कार्रवाई करके एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करें । वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित दिशा निर्देश जारी करते हुए मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि पेंशन बनाने के कार्य में देरी न की जाए और निर्धारित समय अवधि में पेंशन के सभी मामलों का निपटान किया जाए । पिपरौली निवासी श्रीमती शकीरा की शिकायत पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिए कि एसडीम पुनहाना जमीन को खाली करवाएंगे । हिदायत कॉलोनी निवासी श्रीमती शाहिद के मामले में भी पुलिस को दिशा निर्देश जारी किए गए।

गांव भादस निवासी श्रीमती समीना के मामले में एडीसी को जांच करने के निर्देश दिए कि कच्चा बाजार तावडू निवासी मुरारी लाल के मामले में एसडीएम को निर्देश दिए कि 15 दिन के भीतर जांच करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके बाद मंत्री मूलचंद शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए जिला वासियों का आह्वान करते हुए कहा कि पानी की हर बूंद को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि गर्मी की वजह से पानी की मांग लगातार बढ़ रही है । इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व बनता है कि पानी का सदुपयोग किया जाए । एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी । बैठक में पहुंचने पर उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने मंत्री मूलचंद शर्मा व आए हुए अन्य मेहमानों का स्वागत किया । इससे पहले मंत्री मूलचंद शर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक भी आयोजित की गई। इस बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की गई और आने वाले समय में किए जाने वाले विकास कार्यों के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय सिंह ,फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान ,अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन ,अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, सहायक पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह, एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम पुनहाना लक्ष्मी नारायण एसडीएम फिरोजपुर झिरका डॉ चिनार चहल, नगराधीश अशोक कुमार, गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानीराम मंगला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे ।

## भैंसरु कलां गांव में किया स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों का निरीक्षण

**रोहतक ।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी रविंद्र कुमार एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ने जिला के सांपला खंड के गांव भैंसरू कलां में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्कीम के कार्यों का निरीक्षण किया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ने कहा कि ठोस कचरा प्रबंधन के तहत गले व सुख कचरे को अलग-अलग करके प्रबंधन किया जाता है, जिसमें प्लास्टिक और पॉलिथीन को अलग-अलग करके शेड में इकट्ठा किया जाता है तथा गीले कचरे से जैविक खाद बनाकर बागवानी में इस्तेमाल किया जाता है। जिला रोहतक में हर महीने के पहले सप्ताह में एक दिन प्लास्टिक श्रमदान गतिविधियां की जाती हैं, जिनमें गांव के युवा, सरपंच, अधिकारी व कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। महेश कुमार ने कहा कि तरल कचरा प्रबंधन के तहत गांव में घरों से निकलने वाला गंदा पानी नालियों के माध्यम से पांच तालाब प्रबंधन तक ले जाया जाता है। इस प्रबंधन के पांचवें तालाब पर चार ट्यूबवेल इंजन रखे हुए हैं, जिनमें 250 एकड़ जमीन में सिंचाई का कार्य किया जाता है तथा पास बने मंदिर एवं स्टेडियम में भी सिंचाई का कार्य इसी जल से किया जाता है। गांव के स्टेडियम में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्कीम द्वारा सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है। स्टेडियम में खेलने वाले बच्चे एवं पास बने मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा इसका प्रयोग किया जाता है। इस अवसर पर बीडीपीओ



जरनैल सिंह, सरपंच प्रतिनिधि ऋषि राम, पूर्व सरपंच सुशील कौशिक, जेई नितेष, जिला परियोजना प्रबंधक मंजू ग्रेवाल, ग्राम सचिव महेश, सेवा निवृत निरीक्षक शिव कुमार, खंड समन्वयक सुखबीर, समाज सेवी अशोक कौशिक सहित आदि उपस्थित रहे।

## विश्व संगीत दिवस के अवसर पर 21 जून को रंगारंग सांगीतिक कार्यक्रम : दीपिका

**अनिल मोहनियां नूंह**

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा तथा शहीद हसन खां मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, नल्हड़ (नूंह) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व संगीत दिवस के अवसर पर 21 जून को रंगारंग सांगीतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की अधिकारी दीपिका ने बताया कि कार्यक्रम शहीद हसन खां मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नल्हड़ के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक का रखा गया है और कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया व नल्हड़ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार सुभाष घोष द्वारा सरस्वती वादन किया जाएगा,

## पूर्व सरपंच के घर चोरी करने वाले 48 घंटे बाद चढ़े पुलिस के हत्थे

**सोहनाः** पूर्व सरपंच के घर में चोरी की वारदात के बाद सोहना पुलिस ने 48 घंटे बाद इस वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है । गिरफ्तार आरोपियों में से एक आरोपी भिवाड़ी का रहने वाला है व दो आरोपी सोहना के रहने वाले हैं। इसमें से दो आरोपी गाड़ी चलाते हैं वही एक आरोपी इनवर्टर का मिस्त्री बताया जा रहा है। तीनों ही आरोपियों को गांव रायपुर के समीप रहेजा सोसाइटी के समीप बने खंडर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से इनवर्टर व बैटरी बरामद कर ली गई है ।दो दिन पहले गांव रायपुर से पूर्व सरपंच अत्ते खान के घर से एक इनवर्टर व बैटरी चोरी की गई थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए 48 घंटे में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इन आरोपियों में से एक आरोपी पर पहले भी मामला दर्ज है ।पुलिस रिमांड के दौरान इनका पुराना रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। आरोपियों की पहचान सलमू,अरमान व शहीद के रूप में हुई है

## समाधान शिविर में आने वाली सभी समस्याओं का किया जा रहा समाधानः उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा

**अनिल मोहनियां नूंह**

राज्य सरकार के निर्देश पर जिला मुख्यालय स्तर पर आयोजित किया जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों का निपटान करने के साथ-साथ पात्र लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने में भी प्रभावी साबित हो रहे हैं। जिला के गांव भिरावटी निवासी सुरेंद्र सिंह के लिए भी यह समाधान शिविर खुशी का पैगाम लेकर आया है। 63 वर्षीय सुरेंद्र सिंह वृद्धावस्था पेंशन बनवाने के लिए आज उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा से समाधान शिविर में मिले। उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को सुरेंद्र सिंह की पेंशन बनाने के निर्देश दिए। लगभग आधे घंटे की प्रक्रिया में सुरेंद्र सिंह की वृद्धावस्था पेंशन बना दी गई। अगले माह से सुरेंद्र सिंह के बैंक खाते में पेंशन की राशि आना शुरू हो जाएगी। अपनी खुशी का इजहार करते हुए सुरेंद्र सिंह ने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित करके सरकार ने एक अच्छा निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह समाधान शिविर का ही परिणाम है कि आज हाथों-हाथ उनकी पेंशन बन गई है । इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन व सरकार का आभार भी व्यक्त किया। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि जिला स्तर के अलावा लोगों की समस्याओं का निपटान करने के लिए उपमंडल स्तर पर भी सभी एसडीएम के नेतृत्व में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे। इसी कड़ी में आमजन की समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए जिला स्तर




पर मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में ह्यसमाधान शिविरह्न का आयोजन किया गया। ह्यसमाधान शिविरह्न में जिला के नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा के समक्ष पहुंचे। उपायुक्त ने समस्याओं के निर्धारित समय में त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए तथा अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर लगातार ह्यसमाधान शिविरह्न का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर में नागरिक विभिन्न प्रकार की समस्याओं के बारे में शिकायतें लेकर आ रहे हैं, जिनमें परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, भूमि विवाद, बिजली कनेक्शन, पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। मौके पर ही सभी विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहते हैं और शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाती है। ज्यादातर मामलों में मौके पर ही समाधान प्रदान किए जा रहे हैं। जबकि कुछ मामलों में, अधिकारियों ने शिकायतों का निपटारा करने के लिए एक निश्चित समय सीमा निर्धारित की है जिसमें समस्या का समाधान करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

एक ही स्थान पर मौजूद सभी अधिकारी,

**मौके पर हो रहा समस्याओं का समाधान :**

सरकार द्वारा समाधान शिविर के आयोजन की आमजन द्वारा सराहना की जा रही है क्योंकि उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए एक बेहतर मंच मिला है जहां विभिन्न विभागों के सीनियर अधिकारी एक ही समय में मौजूद रहते हैं। कुछ समस्याएं कई विभागों से जुड़ी होती है जिस वजह से पहले फाइल एक विभाग से दूसरे विभाग तक जाने में समय लगता था।

## 19 जून को यासीन मेव डिग्री कालेज, नूंह में होगी योग की पालयेट रिहर्सल डा0 यशवीर गहलावत

**अनिल मोहनियां नूंह**

दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जिला स्तर पर यासीन मेव डिग्री कालेज, नूंह योग मैराथन, प्रभात फेरी व योग की पायलेट रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। डा0 यशवीर गहलावत, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने बताया कि 21 जून 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर यासीन मेव डिग्री कालेज, नूंह व प्रत्येक ब्लाक में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सामान्य योग प्रोटोकाल अनुसार योगासन व प्रामायाम कराए जाएगें तथा उनके लाभो के बारे में बताया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का लोगों के बीच बहुत महत्व है। यह दिन योग के फायदों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। योग हमारे शारीरिकए मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने का सबसे सरल व प्रभावी तरीका है। यह एक प्राचीन परंपरा हैए जिसकी शुरूआत भारत में हुई थी। योग में श्वास और मानसिक व्यायाम जैसे ध्यान योग शामिल हैं। योग का अभ्यामस करने से न केवल जीवन में संतुलन आता है बल्कि शरीर को भी ताजगी मिलती है। योग करने से तनावए चिंताए अवसादए डर और कई बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। माना जाता है कि जो लोग मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैंए वे चारों ओर सकारात्मकता फैलाते हैं।

## जम्मू-कश्मीर में डिजिटल क्रांति... बकरीद के मौके पर 11,567 करोड़ रुपये का लेन-देन

जम्मू। जम्मू-कश्मीर बैंक ने क्षेत्र में डिजिटल बैंकिंग क्रांति का नेतृत्व करना जारी रखा है। बकरीद त्यौहार से पहले पिछले सप्ताह अपने डिजिटल चैनलों के माध्यम से 11,567 करोड़ रुपये का लेन-देन दर्ज किया। पिछले सात दिनों में जम्मू-कश्मीर बैंक के यूपीआई लेन-देन ने भी 3,200 करोड़ रुपये की नई ऊंचाई को छुआ। दूरदराज के क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने वाले बैंक के व्यापक बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट नेटवर्क ने निर्बाध ग्राहक सेवा सुनिश्चित करते हुए 1,000 करोड़ रुपये के लेन-देन दर्ज किए। हाल ही में क्यूआर कोड के साथ एमपे डिलाइट के एकीकरण ने ग्राहक अनुभव को और बेहतर बनाया है। कपड़ा व्यापारी मोहम्मद आकिब ने कहा कि बैंक के डिजिटल चैनलों ने त्यौहारों के दौरान व्यवसायों के लिए जीवन को आसान बना दिया है। उन्होंने कहा, जब डिजिटल बैंकिंग निर्बाध रहती है, तब यह वास्तव में खुशी लाती है। इस तरह अक्सा नमकीन के मोहम्मद ने कहा कि बैंक की प्रणाली की समस्याएं अब इतिहास बन चुकी हैं, उन्होंने कहा कि उन्हें याद नहीं है कि आखिरी बार किसी ग्राहक को एमपे के साथ समस्या का सामना कब करना पड़ा था। जेएंडके बैंक के डीजीएम मोहम्मद मुजफ्फर वानी ने एमडी और सीईओ बलदेव प्रकाश के नेतृत्व में डिजिटल पर बैंक के फोकस को सफलता का श्रेय दिया।

## सांसद औवेसी का हमला, बच्चों को पता होना चाहिए...बाबरी मस्जिद का सच

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि देश के बच्चों को पता होना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी मस्जिद गिराने की घटना को बेहद खराब आपराधिक कृत्य कहा था। औवेसी ने एनसीईआरटी की किताबों में बाबरी मस्जिद की जगह तीन गुंबदों वाला ढांचा शब्दों के इस्तेमाल के फैसले पर प्रतिक्रिया देकर यह बात कही। ओवैसी ने लिखा, एनसीईआरटी ने बाबरी मस्जिद की जगह तीन गुंबदों वाला ढांचा इस्तेमाल करने का फैसला किया है। एनसीईआरटी ने अयोध्या पर फैसले को सर्वसम्मति का उदाहरण बताने का भी फैसला किया है। देश के बच्चों को पता होना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी मस्जिद गिराए जाने की घटना को बेहद खराब आपराधिक कृत्य बताया था। उन्होंने कहा, बच्चों को पता होना चाहिए कि 1949 में कैसे एक मस्जिद का अपमान किया गया और 1992 में उस मस्जिद को गिरा दिया गया। उन्हें आपराधिक कृत्य का महिमामंडन करते हुए बड़ा नहीं होना चाहिए। इसके पहले एनसीईआरटी निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी द्वारा बाबरी मस्जिद और गुजरात दंगों के बारे में पाठ्य पुस्तकों में किये गये बदलावों का बचाव किये जाने के बारे में ओवैसी ने कहा था, जो इतिहास से सबक नहीं सीखता उसका उसी इतिहास से दोबारा सामना होना तय है।



## असम में बाढ़ से स्थिति हुई खराब...1लाख लोग प्रभावित

गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई। यह आठ जिलों में 1.05 लाख से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में आ गए। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, बक्सा, बारपेटा, दरांग, धेमाजी, गोलपारा, करीमगंज, नागांव और नलबाड़ी जिलों में बाढ़ के कारण 1,05,700 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें करीमगंज सबसे बुरी तरह प्रभावित है, जहां 95,300 से अधिक लोग पीड़ित हैं, इसके बाद नागांव है जहां लगभग 5,000 लोग प्रभावित हुए हैं और धेमाजी में 3,600 से अधिक लोग बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं। राज्य के केवल चार जिलों में लगभग 6,000 लोग बाढ़ के पानी से पीड़ित थे। इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या 34 है। प्रशासन एक जिले में 11 राहत शिविर चला रहा है, जहां 3,168 लोगों ने शरण ली है, और एक जिले में तीन राहत वितरण केंद्र चला रहा है। प्राधिकरण ने पिछले 24 घंटे के दौरान बाढ़ पीड़ितों के बीच 21.5 क्विंटल चावल, 3.81 क्विंटल दाल, 1.14 क्विंटल नमक और 114 लीटर सरसों तेल वितरित किया है। एएसडीएमए ने बताया कि वर्तमान में, 309 गांव पानी में डूबे हैं और राज्य भर में 1,005.7 हेक्टेयर फसल क्षेत्र क्षतिग्रस्त हो गया है। बोंगाईगांव, चिरांग, धेमाजी, गोलपारा, होजई, नागांव, तामुलपुर, दरांग, नलबाड़ी, लखीमपुर और उदलगुरी में बाढ़ के पानी से तटबंध, सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## नागपुर में एक कार ने फुटपाथ पर सो रहे लोगों को कुचला, दो की मौत, 15 घायल

नागपुर। पुणे की पोर्श कांड के बाद महाराष्ट्र के नागपुर में फिर दिल दहला देने वाली घटना घटी। नशे में चूर एक शख्स ने फुटपाथ पर सो रहे लोगों पर अपनी कार से कुचल दिया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वही 15 घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक कार में छह लोग सवार थे, जो एक ढाबे पर पार्टी करने के बाद लौट रहे थे वह सभी नशे में थे। रविवार देर रात कार नागपुर में दिघोरी टोल प्लाजा के पास फुटपाथ पर चढ़ गई और वहा सो रहे लोगों को कुचलती हुई निकल गई। इसके बाद वहां चीख पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस ने गाड़ी चला रहे भूषण लांजेवार और उसके दोस्तों वंश जादे, सन्मय पत्रिकर, अथर्व वनायत, अथर्व मोगरे और ऋषिकेश चौबे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि लांजेवार और उसके दोस्त सभी इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं या इंजिनियरिंग कर चुके हैं। उन पर गैर इरादतन हत्या और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दो दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि टोल प्लाजा के पास तेज गति से आ रही कार को रोकने के प्रयास में दो पुलिस अधिकारी बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार पहले खड़ी स्विफ्ट डिजायर से टकराई, जिससे हुंडई वर्ना का आगे का बायाँ टायर फट गया। इससे लांजेवार का नियंत्रण कार पर खो गया और वह फुटपाथ पर चढ़ गई, जहां एक परिवार सो रहा था। मृतकों की पहचान 42 वर्षीय कांतिबाई बागड़िया और 30 वर्षीय सीताराम बागड़िया के रूप में हुई है। घायलों में से सात की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि आठ अन्य को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने बताया कि कार चला रहे लांजेवार और उसके दोस्त नशे में चूर थे। सभी आरोपियों के ब्लड सैंपल फोरेंसिक लैब भेजे दिए हैं। पुलिस के मुताबिक युवक हुडकेश्वर में एक ढाबे पर शराब पीकर ज़ेड का जन्मदिन मना रहे थे और फिर नागपुर के बाहरी इलाके में मौज-मस्ती करने निकल पड़े। निरीक्षक दिघे ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए चालक का पता लगाया गया। पुलिस ने आरटीओ विशेषज्ञों द्वारा निरीक्षण के लिए कार को जब्त कर लिया है।

## नीतिश की सुशासन बाबू की छवि को डैमेंज करने में जुटे तेजस्वी

पटना। लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। नीतीश कुमार के सुशासन की छवि से पार पाने के लिए राजद के द्वारा कानून-व्यवस्था को मुद्दा बना रहा है। राजद नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पार्टी पर लगे जंगलराज के दाग मिटाने की तैयार कर ली है। वे अब नीतीश के सुशासन बाबू की इमेज पर ही हमला कर रहे हैं। तेजस्वी इन दिनों सोशल मीडिया अकाउंट पर लगातार कानून-व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष पर हमलावर हैं। लोकसभा चुनाव में तेजस्वी ने 250 से अधिक सभाएं कीं, लेकिन महागठबंधन के तहत वह चार सीटें ही जीत सकी, जबकि नीतीश की पार्टी जदयू 12 सीटें जीतकर किंगमेकर साबित हुई। स्थिति ऐसी बन गई कि भाजपा ने अभी से 2025 के विधानसभा चुनाव के लिए नीतीश कुमार के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया। दूसरी ओर, तेजस्वी कमजोर साबित हुए। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान एनडीए के नेताओं ने लालू यादव के शासनकाल में फैले जंगल राज की याद दिलाई और उसका लाभ भी एनडीए को मिला। माना जा रहा हैं कि राजद के नेताओं के ऊपर लगे भ्रष्टाचार और जंगलराज के आरोपों का नुकसान महागठबंधन को हुआ है। बिहार की राजनीति से जुड़े पत्रकार कहते हैं कि राजद पर लगे आरोपों का लाभ एनडीए को हुआ है। इसके बाद राजद के नेताओं ने विधानसभा चुनाव में इससे पार पाने की योजना पर अभी से काम शुरू कर दिया है। राजद यह साबित करने की कोशिश कर रहा है कि आज के दौर में कानून-व्यवस्था की स्थिति ज्यादा खराब है।

# संघ प्रमुख ने दिया टास्क... एक्शन में शाह, मैतेयी और कुकी समुदाय से होगी बात



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय मणिपुर में जातीय विभाजन को पाटने के लिए मैतेयी और कुकी दोनों समुदायों से जल्द ही बात करेगा। मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा कर केंद्रीय मंत्री शाह ने निर्देश दिया कि पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अगर जरूरत होने पर केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाई जाएगी। केंद्रीय मंत्री शाह ने जिस तरह से मणिपुर हिंसा को लेकर हाईलेवल मीटिंग की इस मीटिंग को संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान से जोड़कर देखा जा रहा।

दरअसल संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 10 जून को नागपुर में मणिपुर को लेकर कमेंट किया था। उन्होंने कहा कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने की प्रतीक्षा कर रहा। दस साल पहले मणिपुर में शांति थी। तब ऐसा लगा था कि वहां बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है, लेकिन राज्य में अचानक हिंसा बढ़ गई है। मणिपुर की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा। भागवत के बयान के बाद अब शाह ने अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। शाह ने सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राज्य में हिंसा की कोई और घटना नहीं होनी चाहिए। यही नहीं गृह मंत्रालय दोनों समूहों, मैतेयी और कुकी से बात करेगा, ताकि जातीय विभाजन को जल्द से जल्द पाटा जा सके। उन्होंने मणिपुर के मुख्य सचिव को विस्थापित लोगों के लिए उचित स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं, उनका पुनर्वास सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पूर्वोत्तर राज्य के सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शाह ने भले ही अधिकारियों से हालात को संभालने के लिए सख्त निर्देश दिए हों लेकिन हर किसी के मन में सवाल यही है कि मणिपुर में दो मूल समुदायों मैतेयी और कुकी के बीच विवाद की वजह क्या है?

बहुसंख्यक मैतेयी समुदाय को मणिपुर हाईकोर्ट से अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में राज्य के पहाड़ी जिलों में आदिवासी कुकी ने एकजुटता मार्च निकाला। इसके बाद भड़की हिंसा ऐसी शक्ल लेगी, किसी ने नहीं सोचा था। कुकी और मैतेयी समुदायों के 220 से अधिक लोग और सुरक्षाकर्मी मारे जा चुके हैं। मणिपुर में जनजातियों का आपसी संघर्ष कोई नया नहीं है लेकिन ऐसा पहली बार हुआ कि दो समुदायों में इतनी गहरी खाई बन गई जो लगातार बढ़ती जा रही। कुकी और नागा जनजाति दोनों मिलकर मणिपुर की कुल जनसंख्या का लगभग 40 फीसदी (25 प्रतिशत और 15प्रतिशत) हैं। दोनों ईसाई हैं और उन्हें जनजाति का दर्जा और आर्थिक आरक्षण की सुविधा प्राप्त है। मैतेयी समुदाय जनसंख्या के 50 फीसदी से थोड़े अधिक हैं और अधिकांश हिंदू हैं। मैतेयी जनसंख्या का 8 फीसदी मुस्लिम हैं जिसे 'मैतेई पंगल' कहते हैं। मणिपुर में मैतेयी समुदाय का दबदबा है। इस समुदाय के ज्यादातर लोग इंफाल वैली में ही रहते हैं।

## नीट पर मोदी सरकार पर हमलावार राहुल गांधी, योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार

नई दिल्ली। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को फिर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाकर कहा कि भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं। नीट में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। अब विपक्ष की जिम्मेदारी निभाकर देशभर के युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि हम मोदी सरकार पर दबाव डालकर कठोर नीतियों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेस ने नीट को लेकर स्वतंत्र फॉरेंसिक जांच की मांग की है। कांग्रेस ने उदाहरण देकर कहा कि इस वर्ष नीट में 600 अंक पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या 80,468 है। जबकि, सरकारी मेडिकल कॉलेजों में केवल 55,000 सीटें हैं, इसके बाद ये छात्र सरकारी कॉलेजों में कैसे दाखिला पा सकते हैं। कांग्रेस की मांग हैं कि मोदी सरकार और शिक्षा मंत्री को नीट घोटाले में सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में स्वतंत्र फॉरेंसिक जांच का आदेश देना चाहिए। पीएम मोदी भी इस विषय पर अपना वक्तव्य दें। कांग्रेस ने कहा है कि कई छात्र थे, जिन्हें 12वीं पास करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। लेकिन, नीट में वही छात्र बेहतरीन अंक लाए हैं।



# दिल्ली में भीषण गर्मी से लोग परेशान, कल से भारी बारिश की संभावना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में कई स्थानों पर लू चलेगी और राजधानी क्षेत्र में अधिकांश स्थानों पर भीषण लू चलेगी। लोगों की दिन के साथ साथ रातें गर्म हवाओं के चलने से बेचैनी में गुजरेंगी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि मंगलवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि कहा कि लू की तीव्रता में कमी आएगी। हिमाचल प्रदेश और बिहार के अलग-अलग हिस्सों में हीटवेव से लेकर गंभीर हीटवेव की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि पश्चिम बंगाल और सिक्किम, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में शुक्रवार तक और नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बुधवार तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसने गुरुवार और शुक्रवार को ओडिशा में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश की भी भविष्यवाणी की है। दिल्लीवासी भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। तापमान अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के कई मौसम केंद्रों ने मौसमी औसत से काफी ऊपर तापमान दर्ज किया। शहर के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो जून के मध्य के सामान्य तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस से 6.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

पालम में अधिकतम तापमान 46.0 डिग्री सेल्सियस के साथ रहा, और रिज क्षेत्र में तापमान लगातार दूसरे दिन 46.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से करीब 8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। शहर के लोधी रोड और आयानगर में तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस और 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लू ने लोगों को बहुत प्रभावित किया है और इससे बीमारियां पैदा हुई है, स्थिति में सुधार होने से पहले अगले दो दिनों तक यह स्थिति जारी रहने की उम्मीद है। 18 जून से 20 जून तक उत्तर पश्चिम भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाएगा। इससे राहत मिलने की उम्मीद है। इससे दिल्ली में छिटपुट बारिश होने का अनुमान है, जिससे संभावित रूप से उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकती है। इसके अतिरिक्त, हवा की गति 40 किमी प्रति घंटे तक बढ़ने की संभावना है, जिससे दमघोंटू स्थितियों से कुछ आवश्यक राहत मिलेगी। शहर में कुछ दिनों से भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है, अधिकारियों ने हाइड्रेटेड रहने, सीधे सूर्य के संपर्क से बचने और गर्मी से संबंधित बीमारियों से सावधान रहने के महत्व पर जोर दिया है। पश्चिमी विक्षोभ से अपेक्षित राहत के साथ, दिल्लीवासी मामूली ठंडक की उम्मीद कर सकते हैं छिटपुट बारिश और तेज़ हवाओं से मौजूदा गर्मी से राहत मिल सकती है।

## कुर्सी की पेटी बांध लीजिए... इस बार सदन का तापमान बढ़ने वाला : कांग्रेस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। लोकसभा का अगला अध्यक्ष कौन होगा, इन अटकलों के बीच कांग्रेस का कहना है कि कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन स्पीकर बने और कौन डिप्टी स्पीकर बने। मंगलवार को कांग्रेस ने कहा कि अब वे संसद का सदन उस तानाशाही से नहीं चला पाएंगे, जैसे पहले चलाया जाता था। जिस सदन में सरकार पहले राहुल गांधी को ही नहीं संभाल पा रही थी, अब उसी सदन में प्रियंका गांधी भी आ रही हैं। इंडिया गठबंधन के बड़े-बड़े प्रबल नेता, प्रखर वक्ता सब आने वाले हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि कुर्सी की पेटी बांध लीजिए, क्योंकि इसबार सदन का तापमान जबरदस्त बढ़ने वाला है। अब कोई फर्क नहीं पड़ता स्पीकर कौन बने और डिप्टी स्पीकर कौन बने। कांग्रेस ने केंद्र से प्रश्न किया कि देश में लगातार रेल हादसे हो रहे हैं। इसके बाद में रेलवे की सुरक्षा को लेकर क्या बदलाव किए गए हैं? वर्ष 2014 से 2023 तक 1,017 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं। हर महीने 11 रेल दुर्घटनाएं और हर तीसरे दिन एक रेल दुर्घटना हुई हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया ने कहा कि रेल, सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं है। जो देश के रेल मंत्री हैं, वहीं आईटी और इलेक्ट्रॉनिक के भी मंत्री बने हुए हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री भी वहीं हैं। महाराष्ट्र के प्रभारी भी बने हुए हैं। इसका मतलब यही है कि रेलवे सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं है। कंचनजंगा एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर मोदी सरकार को घेरते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि यह दुर्घटनाएं केंद्र सरकार की रेल के प्रति जवाबदेही और लोगों की सुरक्षा के प्रति सरकार के रवैए को दिखाती है।

## पंजाब में अकाली दल की खामियों से जीते दो खालिस्तान समर्थक : रंधावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री और गुरदासपुर से कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने तल्ख टिप्पणी कर कहा है कि पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) की जागीर नहीं है। उन्होंने खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह खालसा के चुनाव जीतने के लिए अकाली दल को जिम्मेदार माना है। कांग्रेस सांसद रंधावा ने कहा कि आम चुनावों में अकाली दल की शिथिलता और नाकामी से पैदा हुई शून्यता के कारण ही खालिस्तान समर्थक और आतंकी सोच के लोगों की जीत हो सकी है। इंटरव्यू में कांग्रेस नेता रंधावा ने कहा कि जिस तरह गांधी परिवार के बिना कांग्रेस एकजुट नहीं रह सकती, ठीक उसी तरह बादल परिवार के बिना अकाली दल की एकजुटता असंभव है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में राज्य में कांग्रेस और बेहतर कर 13 में से 11 सीटें जीत सकती थीं लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास की कमी के कारण पार्टी सात सीट ही जीत सकी। रंधावा ने कांग्रेस के वोट प्रतिशत में आई गिरावट पर भी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि 2019 में पार्टी को 40.12 फीसदी वोट मिले थे जो इस बार गिरकर 26.3 फीसदी रह गया। कांग्रेस नेता रंधावा ने सवालिया लहजे में कहा कि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर को यह जवाब देना होगा और आत्ममंथन भी करना होगा कि उन्होंने टकसाली अकालियों को क्यों नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि कमजोर अकाली दल का मतलब कमजोर पंजाब होगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अकाली दल की कमजोरी के कारण ही सरबजीत सिंह खालसा और अमृतपाल की जीत हुई है। रंधावा ने कहा कि अकाली दल से नाराजगी और उसकी निष्क्रियता के कारण ही नाराज पंथक वोट अमृतपाल जैसों को मिल सका। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय के हितों की वकालत करना और सिख युवाओं को सिखी स्वरूप में लाना अकाली दल की जिम्मेदारी थी लेकिन उसका शिथिलता की वजह से ये जिम्मेदारियां अमृतपाल सिंह ने ले ली, जिसका लाभ मिला।

## नहीं रुकेगा बाबा बुलडोजर... अकबरनगर के बाद रहीम और अबरार नगर की बारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** अकबरनगर में हुए बुल्डोजर एक्शन के बाद भी अभी राजधानी लखनऊ में कई और अवैध कॉलोनियां गिराई जाएगी। कुकरैल नदी के किनारे बसाई गई अवैध रहीम नगर और अबरार नगर में भी बुलडोजर चलेगा। कुकरेल नदी के किनारे यानी सिंचाई विभाग की जमीन पर बने अवैध मकानों पर जल्द ही बुलडोजर चलेगा। कुकरेल नदी को जीर्णोद्धार करने की प्रक्रिया में नदी के आसपास के सभी अतिक्रमण को हटाने की तैयारी में योगी सरकार जुट गई है।

दरअसल, बीते कई दिनों सिंचाई विभाग की टीम रहीम नगर और अबरार नगर में सर्वे कर रही थी। सर्वे का काम लगभग पूरा हो चुका है। एक-दो दिन के अंदर लिस्ट अवैध मकानों की यानी अतिक्रमण का एलडीए को सौंप देगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी का कहना है कि अगले एक-दो दिन के अंदर हमें सिंचाई विभाग वह लिस्ट सौंप देगी, जिनके मकान पर बुल्डोजर चलने हैं, यानी जो अवैध रूप से बने हुए हैं पहले हम उन मकान यानि अवैध मकान के मालिकों से बातचीत करने वाले हैं। पीएम आवास योजना के तहत मकान देने को लेकर उनसे बात होगी और फिर करवाई होगी। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि सिंचाई विभाग की टीम आई है। लगातार सर्वे कर रही है। कईयों को नोटिस भी दिया गया है।

उधर, मंगलवार को लगातार नौंवे दिन अकबरनगर में बुलडोजर एक्शन लगातार जारी है। आज शाम तक अकबरनगर के सभी अवैध मकान तोड़ दिए जाएंगे। यहां 1800 अवैध मकान थे। मौके पर बिना किसी विवाद हुए बिना इन सभी मकानों को एलडीए ने ध्वस्त कर दिया। आज शाम तक जैसे ही सभी मकान टूट जाएंगे उसके बाद मलवा हटाने का काम चलेगा। इसके लिए भी एलडीए ने टेंडर कर दिया है। त्रिपाठी बताते हैं कि आज शाम तक अकबरनगर में दोनों अवैध मकान तोड़ दिए जाएंगे। उसके बाद कल से मलवा हटाने का काम जारी रहेगा।

## दलाई लामा से मिलने धर्मशाला पहुंची पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी



**धर्मशाला (एजेंसी)।** पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी सहित वरिष्ठ अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को भारत पहुंचा, जहां वे धर्मशाला में तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात करेगा। नैन्सी पेलोसी ने कहा कि यह बहुत रोमांचक क्षण है...। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के रिपब्लिकन अध्यक्ष, माइकल मैककॉल, भारत में द्विदलीय कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उनकी उड़ान दिल्ली हवाई अड्डे पर नहीं उतरी, जबकि अधिकांश उच्च-स्तरीय अधिकारियों की उड़ानें निर्धारित स्थान पर जाने से पहले ही उतर गईं। पेलोसी कांगड़ा हवाई अड्डे पर उतरीं और केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल में स्पीकर एमेरिटा नैन्सी पेलोसी (डी-सीए), हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी रैंकिंग सदस्य ग्रेगरी डब्ल्यू मीक्स (डी-एनवाई), हाउस रूल्स कमेटी के रैंकिंग सदस्य जिम मैकगवर्न (डी-एमए), इंडो-पैसिफिक रैंकिंग पर हाउस फॉरेन अफेयर्स उपसमिति के सदस्य अमी बेरा (डी-सीए), और प्रतिनिधि मारियानेट मिलर-मीक्स (आर-आईए), और निकोल मैलियोटाकिस (आर)-एनवाई) शामिल हैं। मैककॉल ने कहा कि तिब्बती लोकतंत्र-प्रेमी लोग हैं जो अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इस यात्रा से तिब्बत को अपने भविष्य में अपनी बात कहने के लिए अमेरिकी कांग्रेस में द्विदलीय समर्थन को उजागर करना चाहिए। रैंकिंग सदस्य मीक्स ने कहा, मैं अमेरिका-भारत संबंधों के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन प्रदर्शित करने के लिए चेयरमैन मैककॉल और स्पीकर एमेरिटा पेलोसी के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हूं।

# लो... मौसम विभाग ने दिया अपडेट, अटका नहीं चल पड़ा है मानसून

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में इनदिनों पड़ रही प्रचंड गर्मी और हीट वेव के बीच मानसून का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। केरल में समय से पहले पहुंचा मानसून, मुंबई को भी समय पहले पहुंचकर सराबोर कर चुका है। इसके बाद बारी गुजरात की थी जहां भी खूब बरसा। अब कहा जा रहा है कि गुजरात में मानसून अटक गया है। वह अपनी रफ्तार से आगे नहीं बढ़ रहा है। इसकी वजह से उत्तर भारत के इलाकों को बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है। यूपी-बिहार से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक अभी भयंकर गर्मी पड़ रही है। भीषण गर्मी और बारिश की संभावनाओं पर आईएमडी की वरिष्ठ वैज्ञानिक सोमा सेन ने कहा कि मानसून कहीं अटका नहीं है। मानसून की तारीखों में फेरबदल होता है। इस वजह से लोग ऐसा कह रहे हैं कि मानसून कहीं अटक गया है। मानसून अभी गुजरात से निकलकर छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल की तरफ आगे बढ़ रहा है। इसके बाद झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में मानसून का प्रवेश होगा। इसके बाद दिल्ली की बारी आएगी।

दिल्ली के मौसम पर आईएमडी वैज्ञानिक सेन ने कहा कि दिल्ली में आज रेड अलर्ट है। मगर कल से येलो अलर्ट होगा। उत्तर प्रदेश में अभी 2 दिन और रेड अलर्ट है। उसके बाद ऑरेंज अलर्ट होगा। यह सभी चेंज एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते होता रहे हैं। जो कि नॉर्थ वेस्ट इंडिया में गर्मी से थोड़ी राहत दिलाएंगे। यानी आने वाले दिनों में दिल्ली-एनसीआर से लेकर यूपी-बिहार तक बादल छाए रह सकते हैं और तापमान में थोड़ी कमी दिखाई देगी है। हालांकि, अभी जो भी गतिविधि होगी यह प्री मानसून की ही है। दिल्लीवालों को मानसून के लिए अभी थोड़ा इंतजार करना होगा।

गौरतलब है कि अभी यूपी, बिहार और दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में भयंकर गर्मी पड़ रही है। कई जगहों पर तापमान 45 से 47 डिग्री तक रिकॉर्ड किया जा रहा है। लोग गर्मी से परेशान हो चुके हैं और सभी बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद में आईएमडी ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, बिहार और उत्तर प्रदेश में अभी कुछ दिन और लू चलेगी। आने वाले दिनों में यानी अगले तीन-चार दिनों तक बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। इसके बाद मानसून की आहट झारखंड से लेकर यूपी-बिहार और दिल्ली-एनसीआर तक सुनाई देगी।



# दक्षिण अफ्रीका पर अजेय बढ़त बनाने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित होगी।

भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में हालांकि उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में लगातार खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने अपनी जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है।

कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल पा रहा है। पिछले 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही। इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। यह बाएं हाथ की बल्लेबाज अच्छी लय में है। उन्होंने फरवरी 2022 के बाद वनडे में सात अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। भारतीय टीम को उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

गेंदबाजों में अपना पहला मैच खेल रही लेग स्पिनर आशा शोभना ने 21 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की फिटनेस को लेकर चिंतित होगा जो दक्षिण अफ्रीका की पारी के दौरान 18वें ओवर में मैदान छोड़कर चली गई थी। उनके नहीं खेलने पर अरुंधति रेड्डी को टीम में लिया जा सकता है। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो अगर उसे श्रृंखला जीवंत रखती है तो उसके बल्लेबाजों को भारतीय स्पिनरों का डटकर सामना करना होगा। पिछले मैच में भारतीय स्पिनरों आशा, दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने मिलकर सात विकेट लिए थे।




### टीम

**भारत** ~ हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्रकार, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पुनिया।

**दक्षिण अफ्रीका** ~ लॉरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मिके डी रिडर, सिनालो जाफ्ता, मारिजाने काप, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज-मारी मार्ज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुकुने, नोंडुमिसो शंगासे, डेलमी टकर।

# सुपर आठ मुकाबलों से पहले तरोताजा होने वॉलीबाल खेलते दिखे भारतीय खिलाड़ी



**बारबडोस (एजेंसी)।** भारतीय टीम अब टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर आठ मुकाबलों में उतरने के लिए तैयार है। भारतीय टीम ने लीग मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया था जिससे वह उत्साहित है। भारतीय टीम को सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्?तान से खेलना है। इससे पहले भारतीय टीम के खिलाफ तरोताजा होने के लिए बीच पर वॉलीबाल खेलते हुए दिखे। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो भी डाला है।

टीम इंडिया को अफगानिस्?तान के खिलाफ पहले सुपर-8 मैच के बाद 22 जून को बांग्?लादेश के खिलाफ खेलना है। इसके बाद उसे अपने अंतिम मैच में 24 जून को ऑस्?ट्रेलिया से खेलना होगा। सुपर-8 में चार-चार टीमों के दो ग्रुप बनाए गए हैं। कम से कम तीन में से दो मैच जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। हर ग्रुप से दो टीमें अगले दौर में पहुंचेंगी।

भारतीय टीम सुपर-8 के लिए पहले अपनी अंतिम ग्यारह में कोई बदलाव करना नहीं चाहेंगी हालांकि विराट कोहली की फॉर्म को लेकर चिंता बनी हुई है। विराट लीग स्तर में विफल रहे थे। वहीं बल्लेबाजी कोच विक्रम राठोड़ का कहना है कि नेट्स में विराट पूरी तरह से फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उनके बल्?ले से रन नहीं आना फिलहाल कोई चिंता की बात नहीं है। अब तक भारतीय टीम इस विश्वकप में बड़ा स्कोर नहीं बना पायी है। ऐसे में उसका लक्ष्य सुपर-आठ में बड़े स्कोर बनाना रहेगा।

# कीवी गेंदबाज फर्ग्यूसन ने रचा इतिहास, चार ओवर में बिना कोई रन दिये चार विकेट लिए



**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने पापुआ न्यूगिनी के खिलाफ एक ऐसा रिकार्ड बनाया है। जिससे तोड़ना किसी भी गेंदबाज के लिए संभव नजर नहीं आता है। इस मैच पापुआ न्यूगिनी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रनों पर ही सिमट गयी थी। इस मैच में फर्ग्यूसन ने अपने चार ओवर में एक भी रन नहीं देते हुए तीन विकेट लिए। पारी के 4.1 ओवर में फुर्ग्युसन ने पीएनजी के कप्तान असद वाला को डेरेल मिचेल के हाथों कैच करवाया। इसके बाद 11.2 ओवर में चार्ल्स अमिनी को एलबीडब्लयू किया और 13.2 ओवर में चाद सोफर को बोल्ड कर तीसरा विकेट लिया। यह टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन है। इससे पहले टी20 क्रिकेट में सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है जब किसी गेंदबाज ने 4 ओवर मेडन डाले हैं। साल 2021 में पनामा के खिलाफ कनाडा के साद बिन जफर ने 4 ओवर मेडन डालकर 2 विकेट लिए थे।

# आईसीसी रैंकिंग : स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंची

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना ने घरेलू मैदान पर अपना पहला शतक जड़ते हुए 117 रन की मैच विजयी पारी खेली और तीन मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 143 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। मंधना के 715 अंक हैं और वह श्रीलंका की चामरी अटापट्टू से पीछे हैं जिन्होंने इंग्लैंड की नताली स्काइवर-ब्रंट को अपनी नंबर एक रैंकिंग गंवा दी थी। इंग्लैंड की ऑलराउंडर स्काइवर-ब्रंट ने पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 124 रन की शानदार पारी खेलकर अपना नंबर एक स्थान फिर हासिल किया। भारत की सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गई है जबकि पूजा वस्त्राकर तीन पायदान ऊपर 38वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में वस्त्राकर ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी चार पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी खिलाड़ी मारिजाने कैप एकदिवसीय ऑलराउंडर की रैंकिंग में नंबर एक पर बनी हुई हैं। एकदिवसीय गेंदबाजी सूची में दीप्ति ने श्रृंखला के पहले मैच में 10 रन पर दो विकेट चटकाकर एक स्थान का सुधार करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने शीर्ष पर अपनी मजबूत बढ़त बनाए रखी है।



# विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा ने जीत के साथ की ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत

बर्लिन ~ विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने अपने ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर रेबेका मसारोवा के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ की। पांचवीं वरीय वोंद्रोसोवा ने रेबेका को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वोंद्रोसोवा ने तीन बार रेबेका की सर्विस तोड़ी और फोरहैंड विनर लगाकर जीत हासिल की। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में भी स्पेन की इस खिलाड़ी को हराया था।



वोंद्रोसोवा दूसरे दौर में अन्ना केलिन्सकाया से भिड़ेंगी। पिछले साल वोंद्रोसोवा विंबलडन खिताब जीतने वाली पहली गैरवरीय महिला खिलाड़ी बनीं थी। उन्होंने फाइनल में 2022 की उप विजेता ओन्स जेब्युर को 6-4, 6-4 से हराया था।

# चावला ने कहा, अभी का भारतीय गेंदबाजी आक्रमण है सर्वश्रेष्ठ

नई दिल्ली ।टी20 विश्वकप में इस बार भारतीय टीम के गेंदबाजों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है।जसप्रीत बुमराह से लेकर अर्शदीप सिंह तक सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है।पाकिस्तान के खिलाफ इसी कारण टीम 119 रनों के स्कोर का बचाव करने में सफल रही।इसी को लेकर पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने कहा है कि ये भारत का सर्वकालिक महानतम गेंदबाजी आक्रमण है।उन्होंने कहा कि कि हाल के कुछ साल में भारत का गेंदबाजी आक्रमण विश्व में शीर्ष पर पहुंच गया है। चावल के अनुसार जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या जैसे तेज गेंदबाजों के अलावा टीम के पास स्पिनर कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल हैं।टी20 विश्व कप इसी कारण भारतीय गेंदबाजों ने कम स्कोर वाले मुकाबलों में भी जीत हासिल की है।चावला ने कहा, पिछले कुछ सालों से भारत का गेंदबाजी आक्रमण वास्तव में बदल गया है।अब हमारे पास दुनिया की सबसे पूर्ण और घातक गेंदबाजी इकाइयों में से एक है, जिसने टीम को संतुलन मिलता है इससे बल्लेबाजों को अपना स्वाभाविक खेल खेलने की अधिक आजादी मिली है।

# रोहित, विराट सुपर आठ और आगे बेहतर प्रदर्शन करेंगे तो पिछला खराब प्रदर्शन प्रशंसक भूल जाएंगे : मांजरेकर

मुम्बई ।पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि अगर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली सुपर आठ और आगे के मैचों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो लीग चरण में इनके खराब प्रदर्शन को लोग भूल जाएंगे। मांजरेकर के अनुसार रोहित टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन अधिक मायने नहीं रखेगा। विराट ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह पांच रन ही बना पाये हैं। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया पर पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ वह रन नहीं बना पाये। मांजरेकर ने कहा, 'अगर आपने रोहित और विराट जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों को विश्व कप में ले जाना चाहते हैं, जिससे वे तब अच्छा प्रदर्शन करें, जब वास्तव में इसकी सबसे अधिक जरूरत हो। उन्होंने कहा, 'इसलिए मुझे इसको लेकर कोई परेशानी नहीं है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी लय में नहीं हैं। अगर यह खिलाड़ी सेमीफाइनल या फाइनल में निर्णायक पारी खेलकर टीम को विजेता बनाते हैं तो आपके सीनियर खिलाड़ियों से इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती है। साथ ही कहा, 'अगर आपका कोई युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आपके लिए बोनस है हालांकि सीनियर खिलाड़ियों को अधिक योगदान देना चाहिए और मुझे लगता है कि यही वजह है कि चयन समिति ने टी20 विश्व कप के लिए अनुभव को प्राथमिकता दी। वहीं युवा शिवम दुबे ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मांजरेकर को अब भी शिवम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'हमें इसके लिए इंतजार करना होगा कि शिवम ने आईपीएल में जिस तरह से स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। वह उस प्रदर्शन को दोहरा पाते हैं या नहीं।

# भारतीय टीम को सुपर आठ में बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर से रहना होगा सतर्क

**एंटीगा (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी टी20 विश्वकप के सुपर आठ की तैयारियों में लगी है। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबल 20 जून को अफगानिस्तान और 22 जून को बांग्लादेश और 24 जून को ऑस्ट्रेलिया से होना है। सुपर आठ में भारतीय टीम के सभी मुकाबले वेस्?टइंडीज में खेले जाएंगे। इसमें भारतीय टीम को रोहित शर्मा एंड कंपनी के मुकाबले अफगानिस्?तान, बांग्?लादेश और ऑस्?ट्रेलिया से है। सुपर आठ में सभी टीमों से उसे सावधान रहना होगा क्योंकि यहां तक पहुंची अफगानिस्तान भी कमजोर नहीं मानी जा सकती है। भी

भारतीय टीम को विशेष रुप से बांग्?लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान से सतर्क रहना होगा। रहमान आजकर जबरदस्त फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वह विरोधी टीमों के बल्लेबाजों के लिए मुसीबत बनते नजर आ रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम के बल्लेबाजों को रहमान के खिलाफ अलग रणनीति बनानी होगी। रहमान ने श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान अपने चार ओवरों में महज 17 रन दिए थे और तीन अहम बल्लेबाजों को आउट किया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुस्?ताफिजुर ने अपने चार ओवरों में महज 18 रन ही दिए हालांकि वो विकेट नहीं ले पाये थे। फिर नीदरलैंड्स के खिलाफ मुस्?ताफिजुर ने चार ओवरों में एक विकेट लेकर महज 12 रन दिए।

वैसे आंकड़ों पर नजर डालें तो मुस्?ताफिजुर का टी20 में भारत के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। उन्?होंने कुल 9 मैचों में भारत से खेला है और इस दौरान वो केवल चार विकेट ही ले पाये हैं। . मुस्?ताफिजुर की इकोनॉमी भी खास अच्?छा नहीं रहा है. उन्?होंने इस दौरान करीब नौ की इकोनॉमी से रन दिये हालांकि टी20 में नौ की इकनोमी को औसत माना जाता है हालांकि अभी टी20 विश्वक कप में वह चार मैचों में सात विकेट ले चुके हैं।




# विश्वकप खेलने से पहले नेत्रवलकर ने देर रात जागकर पूरे किये थे प्रोजेक्ट



फ्लोरिडा। भारतीय मूल के अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने इस विश्वकप में अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया है।नेत्रवलकर के शानदार प्रदर्शन के कारण ही पहली बार टी20 विश्व कप खेल रही अमेरिकी टीम सुपर आठ में पहुंची है।नेत्रवलकर की गेंदबाजी के आगे विराट , रोहित के अलावा कई दिग्गज बल्लेबाज विफल रहे हैं।सौरव के लिए हालांकि विश्वकप में खेलना आसान नहीं रहा। इसका करण है कि वह एक साफ्टवेयर इंजीनियर भी हैं।ऐसे में उन्हें विश्वकप से पहले देर रात तक काम करना पड़ा।इसके बाद ही उन्हें विश्वकप खेलने के लिए छुट्टी मिल पायी।इस क्रिकेटर ने कहा, हर प्रोजेक्ट की एक डेडलाइन होती है, इसलिए वहां भी काम का दबाव रहता है, कई बार ऐसा हुआ है जब मैंने देर रात में काम किया है।मुझे अपना क्रिकेट कार्यक्रम पता है, इसलिए मैं अपने मैनेजर के साथ मिलकर उसी हिसाब से योजना बनाता हूं।मैंने विश्व कप के लिए टीम में आने से पहले अपना काम पूरा कर लिया था।जब हमनें सुपर 8 के लिए क्वालीफाई किया तो मैंने अपने ऑफिस में बताया कि मैं कुछ दिन छुट्टियों पर ही रहूंगा।अब मेरा पूरा ऑफिस मेरा खेल देख रहा है और मेरा सहयोग कर रहा है।नेत्रवलकर का 2024 में नेटवर्थ लगभग 1-2 मिलियन डॉलर के आसपास है। इसमें उनका वेतन , विज्ञापन, अनुबंध और निवेश शामिल है।

# गौतम गंभीर भारतीय टीम के हेड कोच बनने के करीब, इंटरव्यू का पहला राउंड किया पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद के लिए अपना इंटरव्यू दिया। वहीं ताजा रिपोर्ट्के अनुसार क्रिकेट सलाहकार समिती ने गंभीर का इंटरव्यू लिया। जिसका अगला राउंड अब बुधवार को होगा।

बता दें कि, ये इंटरव्यू साक्षात्कार 'जूम कॉल' पर हुआ जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि, हां, गंभीर सीएसी के साथ इंटरव्यू के लिए उपस्थित हुए। आज एक दौर की चर्चा हुई। कल एक और दौर होने की उम्मीद है।'' माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है।

हालांकि, सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं। मंगलवार शाम को शीर्ष परिषद की बैठक है और समझा जाता है कि सचिव जय शाह अंतिम घोषणा से पहले कोच चयन प्रक्रिया के बारे में सदस्यों को अवगत कराएंगे।

सीएसी उत्तर क्षेत्र से चयनकर्ता पद के लिए कुछ इच्छुक उम्मीदवारों का साक्षात्कार भी ले रही है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज 42 वर्षीय गंभीर ने हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स को टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में आईपीएल ट्रॉफी दिलाई थी। मौजूदा भारतीय कोच राहुल द्रविड़ अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे मौजूदा टी20 विश्व कप में टीम का अभियान खत्म होने के बाद पद छोड़ देंगे। ग्रुप लीग चरण में अजेय रहने के बाद टीम फिलहाल सुपर आठ मुकाबले के लिए बारबडोस में है। टीम 20 जून को अफगानिस्तान से खेलेगी।



# टीम से बाहर रहने पर शर्मिला ने कहा, वह मुश्किल समय था लेकिन मैं मानसिक रूप मजबूत रही

नई दिल्ली।युवा फारवर्ड शर्मिला देवी का मानना ??है कि खुद को बेहतर बनाने की चाहत ने उन्हें भारतीय महिला हॉकी टीम में वापसी करने में मदद की और वह अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगी। हरियाणा की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल फरवरी में चीन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच के साथ करीब नौ महीने बाद भारतीय टीम में वापसी की।हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में शर्मिला के हवाले से कहा गया, ''यह आसान नहीं था।मुझे करीब नौ महीने तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका नहीं मिला।'' उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला (मई 2023) के बाद मुझे फरवरी 2024 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका मिला लेकिन मैं एशियाई खेलों और ओलंपिक क्वालीफायर से चूक गई। वह मुश्किल समय था लेकिन मैं मानसिक रूप से मजबूत रही और कड़ी ट्रेनिंग करते हुए धैर्यपूर्वक अपने मौके का इंतजार किया।'' शर्मिला ने कहा ''मैंने दिन-रात अपने खेल पर काम किया।मैं इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थी कि वापसी का यही एकमात्र रास्ता है और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा।फारवर्ड के रूप में अपने कौशल पर काम करने के अलावा मैंने रक्षात्मक पहलुओं पर भी काम किया।'' जब भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के अपने पहले मैच में चीन का सामना किया तो शर्मिला को आखिरकार मैदान पर उतरने का मौका मिला।उन्होंने कहा, ''मैं एक बार फिर भारतीय जर्सी पहनकर बहुत उत्साहित थी।यह मेरे द्वारा की गई मेहनत का इनाम था।अगर हम वह मैच जीत जाते तो मुझे बहुत खुशी होती लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो सका।



# फ्लेमिंग बोले- सुपर 8 में भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं कुलदीप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के सुपर 8 के चरण में वेस्टइंडीज की पिचों से टर्न मिलने की संभावना है और ऐसे में विकेट लेने की अपनी क्षमता के कारण बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। भारत अभी तक टूर्नामेंट में तीन तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह तथा दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के साथ मैदान में उतरा है।

फ्लेमिंग ने कहा, 'अगर विकेटों से टर्न मिलता है जैसा कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ उम्मीद की जा रही है, तो फिर कुलदीप इसमें विकेट लेने की अतिरिक्त क्षमता जोड़ सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'उनके पास अभी दोनों तरह के संयोजन आजमाने का मौका है जो कि अच्छा है लेकिन खेल में आप लकीर का फकीर बनकर नहीं रह सकते जिससे कि आप परिस्थितियों का फायदा उठाने से चूक जाओ।'

भारत को सुपर 8 में अपना पहला मैच गुरुवार को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत अभी तक बाएं हाथ के दो स्पिनर के साथ उतरा है। इनमें अक्षर को सफलता मिली लेकिन जडेजा तीन मैच में केवल तीन ओवर ही कर पाए। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लंबे समय से कोच रहे फ्लेमिंग को एक ही विधा के दो खिलाड़ियों को टीम में रखने में कोई आपत्ति नहीं है।

उन्होंने कहा, 'मिशेल सेंटनर और जडेजा चेन्नई के लिए इसी तरह की भूमिका निभाते हैं और कुछ अवसरों पर हमारे लिए एक ही तरह के गेंदबाजों से आठ ओवर करवाना मुश्किल काम हो जाता है। वे एक ही तरह के कौशल वाले गेंदबाज हैं लेकिन उनमें भिन्नता भी है और अगर परिस्थितियों अनुकूल हों तो दोनों खतरनाक साबित हो सकते हैं।' फ्लेमिंग ने कहा, 'इसलिए भारत उनके ऑलराउंड कौशल और गेंदबाजी कौशल के कारण उन्हें मौका दे रहा है। जडेजा परिस्थितियां अनुकूल होने पर बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं जैसा कि हम वर्षों से देख रहे हैं। जहां तक अक्षर का सवाल है तो वह न्यूयॉर्क जैसी कुछ अलग तरह की परिस्थितियों में आक्रमण को मजबूत बनाते हैं।'



समाचार गेट
TITLE CODE: HARHIN11369
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर-6 नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, निकट सेक्टर-81, विलेज भतोला, वल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक, कृष्ण शर्मा। समाचारीय कार्यालयः मकान नंबर 2, निकट सेक्टर-81, विलेज भतोला, वल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः जगदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : samachargate@gmail.com



# विद्युत के बाद विक्रांत बने एआर मुरुगादॉस की फिल्म का हिस्सा

विद्युत जामवाल के बाद एक और अभिनेता शिवकार्तिकेयन और एआर मुरुगादॉस की आगामी फिल्म एसके 23 के कलाकारों में शामिल हो गए हैं। फिल्म के निर्माताओं ने तमिल अभिनेता विक्रांत का स्वागत करने के लिए अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया। घोषणा के साथ, निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता का एक दिलचस्प और स्टाइलिश पोस्टर भी साझा किया, जिसे देखकर प्रशंसकों का उत्साह काफी ज्यादा बढ़ गया है। नई घोषणा एक आश्चर्य के रूप में सामने आई और प्रशंसक इस अपडेट से रोमांचित हैं। उम्मीद है कि निर्माता जल्द ही अन्य कलाकारों का विवरण जारी करेंगे। फिल्म से विक्रांत का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, हमारे एक्शन राइड में शामिल होना। हम प्रतिभाशाली विक्रांत का स्वागत करते हैं। शूटिंग पूरे जोश में प्रगति पर है। अब तक, केवल शिवकार्तिकेयन, कन्नड़ अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत, विक्रांत और विद्युत जामवाल के आगामी फिल्म का हिस्सा बनने की पुष्टि हुई है। वहीं, कुछ रिपोर्ट्स का सुझाव है कि मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी इस फिल्म में दिखाई देंगे। हालांकि, आधिकारिक घोषणा की प्रतीक्षा है। अफवाहें बताती हैं कि अभिनेता फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## एसके 23 का शीर्षक जानने के लिए उत्साहित प्रशंसक

पूरी तरह से एक्शन फिल्म मानी जाने वाली इस फिल्म में शिवकार्तिकेयन को बड़े पैमाने पर शारीरिक परिवर्तन से गुजरना होगा। निर्माता फिल्म के मुख्य विवरणों को साझा करने के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि, प्रशंसक फिल्म के शीर्षक के बारे में जानने के इच्छुक हैं, जिसका खुलासा होना बाकी है। अस्थायी रूप से इसका नाम एसके 23 रखा गया है। यह फिल्म अभिनेता विद्युत जामवाल के 10 साल के अंतराल के बाद तमिल सिनेमा में वापसी का भी प्रतीक होगा।



# कोटेशन गैंग में दिखेगा सनी का माफिया अवतार

अभिनेत्री सनी लियोनी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कोटेशन गैंग' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में अभिनेत्री कर्नाटक में कुछ दिनों रहीं। हाल ही में अभिनेत्री ने कर्नाटक के एक छोटे से गांव 'कब्बाली' में एक स्कूल का दौरा किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सनी अपनी आगामी फिल्म में 'द फैमिली मैन' की अभिनेत्री प्रियामणि के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ भी दिखेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक सनी 'कोटेशन गैंग' में एक लोकल माफिया के किरदार निभाएंगी। फिल्म में उन्हें एक हत्यारे के रूप में दिखाया गया है जो एक गिरोह की प्रमुख सदस्य है, जो कांट्रैक्ट किलिंग में माहिर है।

**सनी के डांस शो पर लग चुकी है रोक**

बता दें कि 5 जुलाई को तिरुवनंतपुरम में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कैंपस में सनी का डांस शो होने वाला था, लेकिन केरल विश्वविद्यालय के कुलपति ने इस शो को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो केरल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मोहनन कुन्नुमल ने रजिस्ट्रार को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि अभिनेत्री सनी लियोनी का प्रदर्शन कार्यक्रम की सूची में शामिल न हो। बताया जा रहा है कि यह निर्णय पिछले साल नवंबर में एर्नाकुलम में कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीयूएसएटी) में एक संगीत कार्यक्रम में हुई भगदड़ की घटना की वजह से लिया गया है।







# दो एक्ट्रेस के ठुकराने के बाद सामंथा को मिली थी यह शानदार फिल्म

हाल ही में, एक नई फिल्म को लेकर दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु का नाम चर्चा में आया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सामंथा निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन की नई फिल्म में नजर आ सकती हैं, इस फिल्म में ममूटी भी काम करेंगे। सामंथा अपने करियर में थेरी, शाकुंतलम, मजिली, यशोदा और रंगस्थलम समेत कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। साल 2019 में रिलीज हुई सुपर डीलक्स उनके करियर की सबसे खास फिल्मों में से एक हैं, इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। दिलचस्प बात यह है कि सामंथा से पहले दो अभिनेत्रियों को इस फिल्म के लिए अप्रोच किया गया था लेकिन बात नहीं बनी तो फिल्म सामंथा के हाथ लग गई, इस फिल्म में विजय सेतुपति ने मुख्य भूमिका निभाई थी और थियागराजन कुमारराजा ने इसका निर्देशन किया था।

# फादर्स डे के मौके पर शूजीत सरकार का तोहफा

फादर्स डे के अवसर पर शूजीत सरकार ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म निर्माता ने अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। विक्की डोनर, पीकू और सरदार उधम जैसी दमदार फिल्मों का निर्माण कर चुके फिल्म निर्माता शूजीत सरकार ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। फादर्स डे के अवसर पर निर्माता ने अपनी आगामी फिल्म पर अहम अपडेट साझा किया है, जिसमें अभिनेता अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का शीर्षक अभी सामने नहीं आया है, लेकिन शूजीत की पोस्ट से साफ हो रहा है कि इसकी कहानी पिता और बेटी के खूबसूरत रिश्ते पर आधारित होगी। साथ ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया गया है।

## फिल्म की रिलीज डेट से उठा पर्दा

शूजीत सरकार ने अपने प्रोडक्शन हाउस राइजिंग सन फिल्म्स के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से उपरोक्त फिल्म के बारे में अधिक जानकारी साझा की। निर्माता ने पोस्ट किए गए वीडियो को कैप्शन दिया, इस फादर्स डे पर उस प्यार, हंसी और अमूल्य सबक को संजोएं जिसके लिए पिता हमें तैयार करते हैं। 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में शूजीत सरकार की हार्दिक पिता-बेटी के रिश्ते की आगामी कहानी के लिए तैयार हो जाइए।

## एक और धमाल के लिए तैयार शूजीत!

फिल्म का निर्देशन जहां शूजीत सरकार कर रहे हैं, वहीं इसका निर्माण रोनी लाहिड़ी और शील कुमार कर रहे हैं। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में 20 साल से अधिक पूरे कर चुके शूजीत सरकार आज के समय के सबसे प्रसिद्ध कहानीकारों और फिल्म निर्माताओं में से एक हैं। सामान्य कहानियों को एक सुंदर संदेश के साथ प्रस्तुत करने की अपनी अनूठी कहानी के लिए जाने जाने वाले फिल्म निर्माता ने हाल ही में अपनी अगली फिल्म की घोषणा के बाद सभी को उत्साहित कर दिया। वहीं, ताजा जानकारी से साफ होता है कि यह फिल्म इस साल के अंत में 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# इस स्वतंत्रता दिवस पर संजय दत्त से भिड़ेंगे राम पोथिनेनी

साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल इस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। पुरी जगन्नाथ की डबल आईस्मार्ट स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म निर्माता और चार्ममे कौर के बैनर पुरी कनेक्ट्स द्वारा समर्थित इस फिल्म में राम पोथिनेनी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म निर्माता पुरी जगन्नाध की आगामी फिल्म डबल इस्मार्ट 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने आज शनिवार को इसकी घोषणा की है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए राम पोथिनेनी ने फिल्म की रिलीज का जानकारी दी है। डबल इस्मार्ट पांच भाषाओं- तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज की जाएगी।



## दर्शकों को ट्रेलर का इंतजार

निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए रिलीज डेट की जानकारी दी है। फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जो दर्शकों को काफी पसंद आया था। अब लोगों को फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार है। टीजर की बात करें तो एक मिनट 26 सेकंड के वीडियो में राम पोथिनेनी और संजय दत्त की दमदार झलक देखने को मिली। शंकर के अवतार में दिखे राम पोथिनेनी के कुछ फाइट सीक्वेंस भी हैं। टीजर में बिग बुल बने संजय दत्त नए अवतार में नजर आए थे।

## आईस्मार्ट शंकर का है सीक्वल

ये फिल्म पोथिनेनी और जगन्नाध की 2019 की साइंस-फाई एक्शन फिल्म आईस्मार्ट शंकर का सीक्वल है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी। डबल इस्मार्ट के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाध और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।



# शरवरी वाघ ने विक्की कौशल और कटरीना कैफ को बताया पावर कपल

विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के मशहूर कपल हैं। दोनों ने 9 दिसंबर 2021 को शादी की थी। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हैं। फैंस भी इस पति-पत्नी की जोड़ी को काफी पसंद करते हैं। अब अभिनेत्री शरवरी वाघ ने भी इन दोनों की जोड़ी को पावर कपल बताया है। गौरतलब है कि शरवरी की विक्की के भाई सनी कौशल के साथ अफेयर की अफवाहें काफी आम हैं। बीते दिनों शरवरी के जन्मदिन पर कटरीना ने भी मजेदार अंदाज में शुभकामनाएं दी थीं। कटरीना ने शरवरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा था, डांस फ्लोर पर लास्ट पर्सन होना कभी बंद मत करना।



# सिंघम अगेन से भूल भुलैया 3 के क्लैश पर बोले अनीस बज्मी

रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन पहले 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़े पर्दे पर आने वाली थी। लेकिन, निर्माताओं ने अल्लू अर्जुन की अखिल भारतीय फिल्म पुष्पा 2ः द रूल के साथ टकराव से बचने के लिए इसकी रिलीज की तारीख दिवाली तक टाल दी। चूंकि सिंघम अगेन अब इस साल दिवाली पर रिलीज हो रही है, इसलिए इसका कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 से टकराव होना तय है। भूल भुलैया 3 के निर्देशक अनीस बज्मी ने आखिरकार इस बॉक्स ऑफिस क्लैश पर प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि क्लैश हमेशा बिजनेस के लिए खराब होते हैं। एचटी सिटी से बात करते हुए, निर्देशक ने कहा, अभी आपके पास खबर आई है। क्लैश कभी भी अच्छा विचार नहीं होता है। हमने बीबी 3 के लिए अपनी रिलीज की तारीख एक साल पहले ही घोषित कर दी थी। मुझे नहीं पता कि अभी क्या करें।

कारोबार पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, जब टकराव होता है तो सभी फिल्में प्रभावित होती हैं, टकराव तो होता है। और बात प्रोडक्ट में कॉन्फिडेंस की नहीं है। दुनिया के हर निर्देशक, अभिनेता, लेखक हमेशा अपनी फिल्म के बारे में पूरे आत्मविश्वास के साथ बात करता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह रिलीज की तारीख बदलने पर विचार करेंगे, तो उन्होंने आगे कहा, ऐसा अभी नहीं सोचा है क्योंकि हमने पहले ही तय कर लिया था कि फिल्म रिलीज होगी या नहीं। अग्रिम रूप से जारी करें। अजय (देवगन) एक अच्छे दोस्त हैं और तारीखों का टकराव होना लाजिमी है। यह हमारे हाथ में नहीं होता। फिल्म में अर्जुन कपूर मुख्य प्रतिपक्षी की भूमिका में नजर आएंगे। अजय देवगन के अलावा, सिंघम अगेन में अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह और टाइगर श्रॉफ भी हैं। यह रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की पांचवीं और सिंघम सीरीज की तीसरी फिल्म होगी। दूसरी ओर, निर्देशक अनीस बज़्मी की हॉरर कॉमेडी फ़िल्म भूल भुलैया 3 में त्रिपती डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसे प्रशंसित कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फ़ैंचाइज़ी की पिछली किस्त में भी कार्तिक मुख्य भूमिका में थे, जिन्होंने फ़िल्म से अक्षय कुमार की जगह ली थी।

# जान्हवी की तरह खुशी भी नहीं करती हैं अपने फिटनेस से कोई समझौता



खुशी कपूर जान्हवी कपूर की छोटी बहन हैं और द आर्चिज फिल्म से वे बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो खुशी कपूर आने वाले दिनों में इब्राहिम अली खान एक साथ एक और फिल्म में नजर आने वाली हैं। खुशी कपूर भी अपनी बहन जान्हवी की तरह अपने फिटनेस को लेकर कोई समझौता नहीं करती हैं। खुशी और जान्हवी दोनों को अक्सर जिम के बाहर स्पॉट किया जाता है।